RADIANT ACADEMY
(AFFILIATED TO CBSE)
B-180, sector-55, noida Ph: 120-4314312/ 6514636
Mob. : 9350251631/ 9674710772 E-mail: radiantacademynoida@yahoo.com
RADIANT ACADEMY
(J.H.S.) (AFFILIATED TO CBSE)
Sorkha, Sector- 115, noida on Fng Ph: 120- 6495106,
Mob. : 9873314814/ 9674710772 E-mail: radiantacademysorkha@yahoo.com
Let your child Explore the world with us in a Secure Environment!
We are a Co-Educational Medium Senior Secondary School imparting quality education since the last 20 years.
FROM ADMISSION OPEN NURSERY TO CLASS XI Transport Facility Available
FACILITIES AVAILABLE AT SCHOOL : Highly Qualified And Trained Faculty, well Quipped Labs, CCTV Controlled Environment, Activity Based Learning, Well Equipped Library, GPS Enable Buses

आज की खबर आज ही
जनाकांक्षाओं का सजग प्रहरी
# चेतना मंच


पेज 7 आलिया निभाएंगी सीता का रोल...

वर्ष : 27 | अंक : 216 | website:www.chetnamanch.com | नोएडा, शनिवार, 26 जुलाई, 2025 | Chetna Manch | Chetna Manch | मूल्य 2.00 रु. | पेज: 8

# जाति, भाषा व क्षेत्र के नाम पर बांटने वालों से बचें : मुख्यमंत्री

## कारगिल विजय दिवस पर शहीदों को दी श्रद्धांजलि

**लखनऊ (एजेंसी)।** कारगिल विजय दिवस 2025 के अवसर पर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शहीद जवानों को पुष्पांजलि अर्पित कर



लखनऊ की कारगिल शहीद स्मृति वाटिका में आयोजित कार्यक्रम में उत्तर उन्हें श्रद्धांजलि दी और उनके परिजनों को सम्मानित किया।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आज का दिन भारत के महान वीर सपूतों को याद करने का दिन है। इस दिन भारत ने ऑपरेशन विजय को पूर्ण करते हुए पाकिस्तान को धूल चटाकर दुनिया को हैरान कर दिया था। हम भारत के उन वीर सपूतों को नमन करते हैं। ये दिन भारत की सेना के शौर्य का भी प्रतीक है। उन्होंने कहा कि कारगिल युद्ध पाकिस्तान ने भारत पर थोपा था जिसका मुंहतोड़ जवाब हमारे वीर जवानों ने दिया।

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि ऑपरेशन विजय के तहत दुश्मन को करारा जवाब दिया गया। कारगिल एक चुनौतीपूर्ण जगह थी जहाँ दिन में भी तापमान माइनस 50 डिग्री रहता है। लेकिन पाकिस्तान के कायर भारतीय सेना के पराक्रम के सामने टिक नहीं सके। तत्कालीन पाकिस्तानी राष्ट्रपति परवेज मुशर्रफ अमेरिका गए, और अमेरिका ने दबाव बनाने की कोशिश की, लेकिन वाजपेयी जी ने कहा कि चाहे अमेरिका हो या कोई भी विश्व शक्ति, भारत नहीं झुकेगा'।

सीएम योगी ने कहा कि हमारी सरकार ने निर्णय लिया है कि जो जवान अग्निवीर के रूप में देश की सेनाओं में अपना योगदान दे रहे हैं, जब वह जवान सेवानिवृत्त होगा तो हम उत्तर प्रदेश पुलिस बल में ऐसे जवानों के लिए 20 प्रतिशत आरक्षण की व्यवस्था कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि देशवासियों ने ऑपरेशन सिंदूर के जरिए भी भारत का पराक्रम देखा होगा। (शेष पृष्ठ-4 पर)

# नोएडा को स्वच्छता सर्वेक्षण में 7 स्टार रैंक दिलाना लक्ष्य : सीईओ



**नोएडा (चेतना मंच)।** नोएडा प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) डॉ. लोकेश एम ने कहा है कि हमारा प्रयास है कि अगले वर्ष होने वाले स्वच्छता सर्वेक्षण में नोएडा को 7 स्टार रैंक का दर्जा प्राप्त हो। इसके लिए अभी से ही नोएडा प्राधिकरण की पूरी टीम सक्रिय हो गई है। नोएडा प्राधिकरण के (सीईओ) डॉ. लोकेश एम ने यह बात प्रेस क्लब द्वारा नोएडा को सुपर स्वच्छता लीग में प्रथम स्थान हासिल करने पर बधाई देने के बाद कही।

सीईओ ने कहा कि नोएडा प्राधिकरण की टीम ग्रीन वेस्ट सेग्रीगेशन के अलावा गोबर के निस्तारण तथा उससे बनाने वाले कई उपयोगों पर भी गंभीरता से विचार कर रही है। वहीं प्रतिबंध प्लास्टिक के उपयोग के खिलाफ सघन अभियान चलाया जा रहा है।

सीईओ ने कहा कि सुपर स्वच्छता लीग सिटीज में नंबर वन आने पर नोएडा का नाम न केवल उत्तर प्रदेश बल्कि समूचे भारत में हुआ है। (शेष पृष्ठ-4 पर)

# नोएडा की विकास योजनाओं पर सीईओ की अहम बैठक

## निम्न गुणवत्ता का स्टील प्रयोग करने पर ब्रिज कॉर्पोरेशन को नोटिस



**नोएडा (चेतना मंच)।** नोएडा में चल रही विकास परियोजना और आने वाली परियोजना की क्या प्रगति है इसको लेकर नोएडा प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी डॉ. लोकेशएम ने समीक्षा बैठक की। बैठक में प्राधिकरण के अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी संजय कुमार खत्री, विशेष कार्याधिकारी महेन्द्र प्रसाद, महाप्रबन्धक (सिविल) एके अरोड़ा एवं एसपी सिंह, महाप्रबन्धक (वि0/यां0) आरपी सिंह उप महाप्रबन्धक व विजय रावल आदि मौजूद रहे।

बैठक में सेक्टर-18 डीएससी रोड पर जीआईपी के पास और स्काईमार्क के पास बनाए गए फूड जोन में क्योस्क के आवंटन करने के लिए तैयार की गई आरएफपी को वित्त विभाग एवं विधि विभाग से जांच करवा करवाकर जारी की जाए। सीईओ ने सेक्टर-18 में किये जा रहे सौंदर्यीकरण कार्यों के अन्तर्गत सेक्टर में तिकोना पार्क की चारदिवारी पर एलईडी लगाने को कहा। नोएडा स्टेडियम, सेक्टर-21ए में निर्मित क्रिकेट स्टेडियम में कॉफी हाउस बनाए जाने के लिए समीक्षा की गई। उक्त कॉफी हाउस कैपेक्स मॉडल पर बनवाया जाए। जिसकी आरएफपी जारी की जाए। सेक्टर-123 में प्रस्तावित स्पोर्ट कॉम्प्लेक्स के कार्य की प्रक्रिया में भी तेजी लाई जाए। सेक्टर-51 व 52 मेट्रो स्टेशन के बीच निर्माणाधीन फुटओवरब्रिज के लम्बित विद्युत कार्यों को शीघ्रातिशीघ्र पूर्ण किया जाए। बैठक में नोएडा क्षेत्र में विकसित किये जा रहे तालाबों की भी समीक्षा की गई जिसके अन्तर्गत सेक्टर-167 में प्रस्तावित (शेष पृष्ठ-4 पर)



# शक्की पति ने पत्नी पर फेंका खौलता हुआ पानी

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** बेवजह का शक कभी-कभी इंसान की जिंदगी को नर्क बना देता है। ऐसा ही एक मामला दादरी थाना क्षेत्र में प्रकाश में आया है। पत्नी पर शक करने वाले पति ने मारपीट के दौरान अपनी पत्नी के ऊपर गर्म पानी डाल दिया। जिससे वह बुरी तरह झुलस गई। पीड़िता ने अपने पति के खिलाफ मामला दर्ज कराया है।

मूल रूप से जनपद बुलंदशहर के रहने वाली मोनिका (काल्पनिक नाम) में दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि वह हाल में अपने पति राजू शर्मा के साथ वेद विहार कॉलोनी में किराए पर रह रही है। उसका पति राजू उस पर बेवजह शक करता है। इस बात को लेकर आए दिन घर में झगड़ा व क्लेश होता है। 21 जुलाई के रात्रि को उसके पति राजू शर्मा ने बेवजह उसके साथ गाली-गलौज शुरू कर दी। उसके विरोध करने पर राजू ने उसे मारना पीटना शुरू कर दिया। मारपीट के दौरान उसके ऊपर खोलता हुआ पानी डाल दिया जिससे उसका चेहरा व अन्य शरीर झुलस गया। उसके बावजूद भी राजू उसके साथ मारपीट करता रहा।

आस-पड़ोस के लोगों ने किसी तरह से बीच बचाव कराया उसके बाद उसने अस्पताल जाकर अपना इलाज कराया। पुलिस का कहना है कि पीड़िता की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया गया है।

# आइसक्रीम खाने रूका मीडियाकर्मी बदमाशों ने झपट ली चेन

## सेक्टर-12/22 में बढ़ी छिनैती की वारदातें

**नोएडा (चेतना मंच)।** थाना सेक्टर-24 क्षेत्र के सेक्टर-12/22 टी पॉइंट के पास बाइक सवार बदमाशों ने मीडियाकर्मी से सोने की चेन छीन ली और फरार हो गए। मीडियाकर्मी ने बदमाशों को पकड़ने का प्रयास किया लेकिन वह सफल नहीं हो पाए।

सेक्टर-12 के एस ब्लॉक में रहने वाले मीडियाकर्मी गिरीश नारायण ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि वह 24 जुलाई की रात्रि को सेक्टर-62 से अपने एक मित्र के साथ 12/22 टी पॉइंट पर पहुंचे थे। यहां से वह पैदल अपने घर की तरफ जा रहे थे। जेड ब्लॉक में प्रवेश करते ही वह आइसक्रीम खाने के लिए एक आइसक्रीम की ठेली पर रुक गए। वह आइसक्रीम खरीद ही रहे थे कि पीछे से बाइक पर आए दो युवकों ने उनके गले से सोने की चेन झपट ली। उन्होंने बदमाशों को पकड़ने का प्रयास किया लेकिन वह तेज गति में बाइक लेकर फरार हो गए। (शेष पृष्ठ-4 पर)

# ड्यूटी से घर लौट रहे युवक की दुर्घटना में मौत

**नोएडा (चेतना मंच)।** थाना सेक्टर-58 क्षेत्र के एनएच-24 पर हुए हादसे में युवक की मौत के मामले में अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कराया गया है। अज्ञात वाहन की टक्कर लगने से बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया था। उपचार के दौरान युवक की मौत हो गई थी।

वेस्ट विनोद नगर मंडावली दिल्ली निवासी विक्की शर्मा ग्रेटर नोएडा वेस्ट की गौर सिटी में काम करता था। 26 जून को वह काम खत्म करने के बाद अपनी बाइक से दिल्ली स्थित घर जा रहा था। एनएच-24 के पास स्थित सुपरटेक बिल्डिंग के सामने किसी अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी। इस हादसे में विक्की शर्मा गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे की सूचना मिलने पर पुलिस ने उसे उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया। उपचार के दौरान गंभीर चोटों के कारण विक्की शर्मा की मौत हो गई।

इस संबंध में विक्की शर्मा के बहनोई सुरेश कुमार ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कराया है।

# घर से फोन, जेवरात चोरी

**नोएडा (चेतना मंच)।** थाना सेक्टर-24 क्षेत्र के गिझोड गांव से चोर एक व्यक्ति के घर से तीन मोबाइल फोन, सोने के जेवरात को चोरी कर ले गए। पीड़ित ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है।

गिझोड गांव में रहने वाली उषा ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि 18 जुलाई सुबह किसी अज्ञात व्यक्ति ने उसके घर से तीन मोबाइल फोन, सोने की अंगूठी, मंगलसूत्र का लॉकेट, चांदी की पायल आदि चोरी कर ली। सुबह जब वह सोकर उठे तो उन्हें कमरे में सामान अस्त-व्यस्त मिला। इसके बाद उन्हें चोरी की जानकारी हुई। उन्होंने आसपास अपने मोबाइल फोन व अन्य सामान की तलाश की लेकिन कोई पता नहीं चला। पुलिस का कहना है कि पीड़िता की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया गया है और जांच की जा रही है।

# कोचिंग सेंटर गई किशोरी लापता

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** घर से कंप्यूटर सेंटर पर कोचिंग लेने गई किशोरी लापता हो गई घर वापस न लौटने पर किशोरी के परिजनों ने थाना जेवर में मुकदमा दर्ज कराया है। थाना क्षेत्र के एक गांव के रहने वाली कल्पना (काल्पनिक नाम) नाम ने बताया कि उनकी 16 वर्षीय बेटी 23 जुलाई को घर से जेवर के नालंदा कंप्यूटर सेंटर पर पढ़ने के लिए गई थी इसके बाद वह घर वापस नहीं लौटी। उन्होंने अपनी बेटी की काफी तलाश की लेकिन कोई पता नहीं चला बेटी की खोजबीन के दौरान पता चला कि उसकी बेटी ने दो दिन पहले ही मोबाइल नंबर की नई सिम खरीदी थी। पुलिस का कहना है कि पीड़िता की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है पीड़ित द्वारा उपलब्ध कराए गए मोबाइल नंबर की डिटेल निकलवा कर किशोरी की तलाश का प्रयास किया जा रहा है।

# भाजपाईयों ने शहीदों को किया नमन

कारगिल विजय दिवस




**नोएडा (चेतना मंच)।** कारगिल विजय दिवस के उपलक्ष्य पर आज भारतीय जनता पार्टी नोएडा महानगर के अध्यक्ष महेश चौहान के नेतृत्व मे 'शहीद स्मारक स्थल' पर सफ़ाई करके फूल माला चढ़ाकर देश के शहीदों के बलिदान को याद किया और भारत माता कीं जय के नारे लगाये।

इस दौरान जिला अध्यक्ष महेश चौहान, चंदगीराम यादव, डिम्पल आनंद, विनोद शर्मा, धर्मेंद्र गुप्ता, उमेश त्यागी, गणेश जाटव, ओमवीर अवाना, अमरीश त्यागी, भूपेश चौधरी, मनोज चौहान, राहुल शर्मा, नीरज चौधरी, प्रदीप चौहान, राहुल त्यागीं, अतुल त्यागी, देवेंद्र सिंह, प्रदीप चौहान, नीरज चौहान, आरती आलावत, किरण भारद्वाज, लता मल्होत्रा, मधु मेहरा, गिरजा सिंह, उषा झा आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# MSME उद्योग को बढ़ावा देने में सबसे आगे है PNB : फिरोज

## ग्रेटर नोएडा में मेगा MSME आउटरिच कार्यक्रम का आयोजन

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** देश के विकास में सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्योगों (MSME) का अहम योगदान है। MSME उद्योग को बढ़ावा देने के लिए देश के सबसे बड़े बैंकों में से एक पंजाब नेशनल बैंक सबसे आगे है। बैंक MSME उद्योगों के लिए क्रेडिट उपलब्धता, सरकारी योजनाएं, डिजिटल बैंकिंग और अन्य सुविधाएं प्रदान कर रहा है।

पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) द्वारा लघु और मध्यम उद्योगों को वित्तीय सहायता देने और उनकी जरूरतों को बेहतर तरीके से समझने के उद्देश्य से ग्रेटर नोएडा में एक भव्य मेगा MSME आउटरिच कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम बैंक के प्रधान कार्यालय के दिशानिर्देशन में नोएडा मंडल द्वारा आयोजित किया गया।



इस मौके पर पीएनबी के मुख्य महाप्रबंधक फिरोज़ ने कहा, MSME इकाइयां देश की रीढ़ हैं और पीएनबी इनकी हर संभव सहायता के लिए प्रतिबद्ध है। ग्राहकों की संतुष्टि ही हमारी प्राथमिकता है। मंडल प्रमुख महेश कुमार वाधवा ने इसे लघु एवं मध्यम उद्योगों के लिए एक सशक्त मंच बताया (शेष पृष्ठ-4 पर)

# हवाई यात्रा का जोखिम

हाल के दिनों में हवाई उड़ान को लेकर तमाम ऐसी खबरें अखबारों की सुर्खियां बनती रही हैं कि जिससे आम लोगों के मन में हवाई यात्रा को लेकर असुरक्षा बोध पनपा है। यह स्वाभाविक है क्योंकि हवाई यात्रा के साथ तमाम तरह के जोखिम जुड़े हैं। गत बारह जून को अहमदाबाद में हुए एयर इंडिया के भयावह विमान हादसे के बाद, जिसमें 260 लोग मारे गए थे, भारत का नागरिक उड्डयन क्षेत्र गहन जांच के घेरे में है। यद्यपि प्रारंभिक जांच रिपोर्ट में कई तरह की व्याख्याएं और निष्कर्ष सामने आ रहे हैं, लेकिन इसके बावजूद आम धारणा यही है कि भारत की हवाई यात्रा व्यवस्था में सब कुछ ठीक नहीं चल रहा है। हाल ही में हुए एक राष्ट्रव्यापी ऑनलाइन सर्वेक्षण में लगभग 76 प्रतिशत उत्तरदाताओं का मानना है कि भारत में कई एयरलाइनें यात्रियों की सुरक्षा की तुलना में प्रचार पर ज़्यादा धन खर्च कर रही हैं। निस्संदेह यह गलत प्राथमिकताओं का एक ज्वलंत प्रसंग है, जो यही दर्शाता है कि हवाई यातायात व्यवस्था को पारदर्शी व जवाबदेह बनाने की सख्त जरूरत है। यह भी कि यात्रियों की सुरक्षा और कुशल हवाई संचालन में किसी चूक के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति सख्ती से अपनाई जानी चाहिए। निस्संदेह इस बाबत सख्त कार्रवाई कुशल व सुरक्षित हवाई यातायात का मार्ग सुनिश्चित करेगी। विडंबना यह है कि हमने विगत के हवाई हादसों से कोई गंभीर सबक नहीं सीखे। 'सब चलता है' की नीतियां ही क्रियान्वित होती रही हैं। एक के बाद एक हादसों के लिए जांच आयोग तो कई बैठे, लेकिन सुधार के प्रयास तार्किक परिणति तक नहीं पहुंचे। हमारी राजनीतिक अक्षमताएं और निगरानी करने वाले संस्थानों में राजनीतिक हस्तक्षेप से अनुभवहीन लोगों को बैठाना भी हवाई परिचालन में अव्यवस्था का सबब बना। जिसके चलते हमारी हवाई व्यवस्था असुरक्षा के भय से मुक्त न हो पा रही है। साथ ही हमारी हवाई सेवाएं वैश्विक मानकों की कसौटी पर खरी न उतर पायीं। जिसका खमियाजा देश के हवाई यात्री भी भुगत रहे हैं। निस्संदेह विश्व की चौथी आर्थिक शक्ति बने भारत में नागरिक सेवाओं में यह गुणवत्तापूर्ण झलक नजर आनी चाहिए। यह गुणवत्ता विदेशी निवेशकों के लिए भी जरूरी है लेकिन फिलहाल हमारा नागरिक सेवाओं के प्रति अपेक्षित भरोसा नहीं बन पा रहा है। उल्लेखनीय है कि नागरिक सहभागिता मंच, लोकल सर्किल्स द्वारा किए गए सर्वेक्षण में यह भी पाया गया कि सर्वे में शामिल 64 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने माना कि पिछले तीन वर्षों में कम से कम एक बार उन्होंने कठिन उड़ान का अनुभव किया था, जिसमें टेकऑफ़, लैंडिंग या उड़ान के दौरान कठिन परिस्थितियां शामिल थीं। नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने सोमवार को इस चिंताजनक स्थिति का सारांश प्रस्तुत किया, जिसमें राज्यसभा को बताया गया कि पिछले छह महीनों में पांच 'पहचाने गए' सुरक्षा उल्लंघनों के संबंध में एयर इंडिया को नौ कारण बताओ नोटिस जारी किए गए थे। यह वास्तव में एक उल्लेखनीय दिन था जिस दिन संसद में विमानन सुरक्षा का ज्वलंत मुद्दा गूंजा – उसी दौरान एक विमान लैंडिंग के दौरान रनवे से भटक गया, दूसरे ने आपातकालीन लैंडिंग की, एक विमान की बाहरी खिड़की का फ्रेम हवा में ही टूट गया, और एक उड़ान का टेकऑफ़ तकनीकी खराबी के कारण अंतिम समय में रद्द कर दिया गया। सौभाग्य से, इन घटनाओं में किसी की जान या अंग की हानि नहीं हुई, लेकिन यात्रियों के आत्मविश्वास को निश्चित रूप से ठेस पहुंची। अब समय आ गया है कि विभिन्न एयरलाइंस कंपनियां यह समझें कि सुरक्षा से कोई समझौता नहीं किया जा सकता। लेकिन यदि प्रचार अभियानों के ज़रिए ज़्यादा से ज़्यादा यात्रियों को हवाई यात्रा के लिए आकर्षित करने की कवायद के बीच हवाई सुरक्षा से जुड़ी बुनियादी बातों को नज़रअंदाज़ कर दिया गया, तो ये तमाम लुभावनी कोशिशें नाकाम हो सकती हैं। निस्संदेह यात्रियों को हर योजना में प्राथमिकता का स्थान मिलना चाहिए; उनकी सुरक्षा को हल्के में नहीं लिया जाना चाहिए। और जब भी कोई एयरलाइंस सुरक्षा प्रोटोकॉल में किसी तरह की कोताही बरते, विमानन नियामक को तुरंत सख्त कार्रवाई करनी ही चाहिए।

# रामचरित मानस

**कल के अंक में आपने पढ़ा था कि वेद कहते हैं कि बच्चे के रोने की बहुत ही प्यारी ध्वनि सुनकर सब रानियाँ उतावली होकर दौड़ी चली आईं। दासियाँ हर्षित होकर जहाँ-तहाँ दौड़ीं। सारे पुरवासी आनंद में मग्न हो गए॥ उससे आगे का वर्णन क्रमानुसार प्रस्तुत है।**

**दसरथ पुत्रजन्म सुनि काना। मानहु ब्रह्मानंद समाना॥**
**परम प्रेम मन पुलक सरीरा। चाहत उठन करत मति धीरा॥**

राजा दशरथजी पुत्र का जन्म कानों से सुनकर मानो ब्रह्मानंद में समा गए। मन में अतिशय प्रेम है, शरीर पुलकित हो गया। (आनंद में अधीर हुई) बुद्धि को धीरज देकर (और प्रेम में शिथिल हुए शरीर को संभालकर) वे उठना चाहते हैं॥

**जाकर नाम सुनत सुभ होई। मोरें गृह आवा प्रभु सोई॥**
**परमानंद पूरि मन राजा। कहा बोलाइ बजावहु बाजा॥**

जिनका नाम सुनने से ही कल्याण होता है, वही प्रभु मेरे घर आए हैं। (यह सोचकर) राजा का मन परम आनंद से पूर्ण हो गया। उन्होंने बाजे वालों को बुलाकर कहा कि बाजा बजाओ॥

**गुर बसिष्ठ कहँ गयउ हँकारा। आए द्विजन सहित नृपद्वारा॥**
**अनुपम बालक देखेन्हि जाई। रूप रासि गुन कहि न सिराई॥**

गुरु वशिष्ठजी के पास बुलावा गया। वे ब्राह्मणों को साथ लिए राजद्वार पर आए। उन्होंने जाकर अनुपम बालक को देखा, जो रूप की राशि है और जिसके गुण कहने से समाप्त नहीं होते॥

(क्रमशः...)

# भारत और ब्रिटेन के बीच हुए फ्री ट्रेड एग्रीमेंट से ऐसे दूरगामी वैश्विक असर पड़ेंगे

हाल ही में भारत और ब्रिटेन के बीच हुआ मुक्त व्यापार समझौता (फ्री ट्रेड एग्रीमेंट) केंद्र में सत्तारूढ़ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार की एक बड़ी उपलब्धि है। इसके अंतरराष्ट्रीय मायने बेहद अहम हैं, क्योंकि इसका फायदा दोनों देशों की अर्थव्यवस्थाओं को मिलेगा। इस प्रकार भारत और ब्रिटेन के बीच हुए फ्री ट्रेड एग्रीमेंट से आने वाले वर्षों में दूरगामी वैश्विक असर भी देखने को मिलेंगे।

यह कहना गलत नहीं होगा कि अमेरिका प्रेरित भूमंडलीकरण और निजीकरण की नीतियों पर आधारित मुक्त वैश्विक अर्थव्यवस्था के दौरान, पिछले कुछ वर्षों में जिस तरह से कारोबारी संरक्षणवाद बढ़ा है, उसमें ऐसे व्यापार समझौतों की भूमिका और भी अहम हो जाती है। देखा जाए तो भाजपा नीत एनडीए सरकार ने 2014 में केंद्रीय सत्ता में आने के बाद भारत ने मॉरिशस, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई), ऑस्ट्रेलिया और ईएफटीए के साथ फ्री ट्रेड एग्रीमेंट किया है।

लिहाजा, भारत-ब्रिटेन में बीच हुआ एफटीए उसी की एक अगली कड़ी है। जबकि यूरोप से हमारी बातचीत जारी है, जिसे जल्द से जल्द अंजाम तक पहुंचाया जाना चाहिए। ऐसा इसलिए कि अर्थव्यवस्था (इकॉनमी) के मोर्चे पर आने वाली संभावित चुनौतियों से निपटने में ऐसी ही द्विपक्षीय व्यापारिक डील सहायक होती हैं।

आंकड़े बताते हैं कि भारत और ब्रिटेन के बीच पुराने व्यापारिक रिश्तों के बावजूद 2023-24 में केवल 21.34 बिलियन डॉलर का व्यापार हुआ था। जो दोनों देशों के अर्थव्यवस्था के आकार को देखते हुए यह आंकड़ा बहुत कम है। लिहाजा माना जा रहा है कि ट्रेड डील से सालाना व्यापार 34 बिलियन डॉलर तक बढ़ जाएगा। जबकि दोनों देश साल 2030 तक इसे 120 बिलियन डॉलर की ऊंचाई पर पहुंचाना चाहते है।

इससे साफ है कि अब दोनों देशों के बीच व्यापार बढ़ेगा और कारोबारी संतुलन लाने में भी आशातीत मदद मिलेगी। हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि आधुनिक भारत के निर्माण में इंग्लैंड का बहुत बड़ा योगदान है, क्योंकि 1947 से पहले इंडिया पर उसी का शासन था। कॉमनवेल्थ देशों के सदस्य के नाते उससे भावनात्मक लगाव भी है।

देखा जाए तो इस समझौते को लेकर लंबे समय से भारत-ब्रिटेन के बीच फ्री ट्रेड डील की बातचीत चल रही थी। इसकी वजह से ही अमेरिका की टैरिफ सम्बन्धी बातचीत भी चल रही थी और हाल में ही इसमें भी तेजी आई है। इसके पीछे एक नीति है। क्योंकि डॉनल्ड ट्रंप की ट्रेड पॉलिसी ने पूरी दुनिया में आर्थिक व सैन्य अनिश्चितता बढ़ा दी है। ऐसे में इस तरह के द्विपक्षीय समझौते से दोनों देशों को इस अनिश्चितता को घटाने और व्यापार बढ़ाने में मदद मिलेगी।

भारत के मेक इन इंडिया के लिहाज से भी यह डील बेहद अहम है। इससे करीब 99 प्रतिशत निर्यात यानी यहां से ब्रिटेन जाने वाली चीजें पर टैरिफ से राहत मिलेगी। इससे वहां पर हमारा



व्यापार बढ़ेगा। इसी तरह ब्रिटेन से आनी वाली चीजें भारत में सस्ती मिल सकेगी। लिहाजा इस डील से भारत के टेक्सटाइल्स, लेदर और इलेक्ट्रॉनिक्स को एक बड़ा फायदा होगा। इनसे हमारे मैन्युफैक्चरिंग उद्योग को भी बढ़ावा मिलेगा।

बता दें कि अभी ग्लोबल मैन्युफैक्चरिंग में भारत की हिस्सेदारी केवल 2.8 फीसदी है, जबकि चीन की 28.8 फीसदी। इसी तरह, देश की सकल राष्ट्रीय उत्पाद (जीडीपी) में मैन्युफैक्चरिंग का योगदान 17 प्रतिशत है और सरकार इसे 25 प्रतिशत तक बढ़ाना चाहती है। इसलिए इस तरह की डील से राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय, दोनों स्तर पर प्रदर्शन में सुधार होगा।

भारत-इंग्लैंड के बीच हुए एफटीए सेवकृषि सेक्टर को भी फायदा पहुंचेगा। इसी तरह के व्यापारिक समझौते के लिए इस समय भारत की बातचीत लम्बे समय से अमेरिका से भी चल रही है। लेकिन वहां कृषि और डेयरी प्रॉडक्ट्स को लेकर रस्साकशी है। क्योंकि अमेरिका इन दोनों क्षेत्रों में खुली छूट चाहता है, जबकि अपने लोगों के हितों को देखते हुए भारत ऐसा कदापि नहीं कर सकता है। इसलिए ब्रिटेन के साथ मुक्त व्यापार होने से भारत के कृषि उद्योग को बढ़ावा मिलेगा।

इस बीच, अगर भारत की अमेरिका के साथ अच्छी व्यापार डील हो जाती है तो उससे भी विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने की ओर हमारे कदम आगे बढ़ेंगे। हालांकि, भारत की गुटनिरपेक्षता की नीति, पिछले एक दशक के आशातीत आर्थिक विकास आदि से अमेरिका चिढ़ा हुआ है। उसकी नीति रही है कि अमेरिकी कम्पनियां चीन में सस्ता माल बनाएंगी और उसे भारत में खपायेंगी। लेकिन मनमोहन सरकार की इस राष्ट्रविरोधी नीति को नरेंद्र मोदी सरकार ने पलट दी है और मेक इन इंडिया, मेक फ़ॉर द वर्ल्ड जैसी ठोस राष्ट्रवादी नीतियों को बढ़ावा दिया है।

भारत से अमेरिका की चिढ़ की एक मौलिक वजह यह भी है कि वह भारत को रूस से दूर करके चीन से लड़ाना चाहता है, भारत के पड़ोसी देशों को चीन-पाकिस्तान की मदद से इंडिया से उलझाना चाहता है, ताकि अरब देशों की तरह भारतीय उपमहाद्वीप के देशों में भी उसका दबदबा बढ़े और हथियार खपे। लेकिन वसुधैव कुटुम्बकम का भाव रखने वाले भारत के साथ अमेरिका की एक नहीं चली। इसलिए वह आतंकवादी उत्पादन करने की फैक्ट्री बन चुके पाकिस्तान की शरण में फिर चला गया, जहां चीन से उसे कड़ी टक्कर मिल रही है।

चूंकि अंतरराष्ट्रीय क्षितिज पर अमेरिका-चीन के बीच आर्थिक व सैन्य होड़ मची हुई है, इसलिए भारत की कोशिश है कि इस पचड़े में न पड़ते हुए अपना चहुंमुखी विकास किया जाए। चूंकि इस दिशा में भारत के पुराने व भरोसेमंद देश रूस की भरपूर तकनीकी मदद भारत को मिल रही है। इसलिए अमेरिका-यूरोप भारत पर दबाव बढ़ा रहे हैं कि वह रूस से अपने रिश्ते कम करे और पश्चिमी देशों से सहयोग बढ़ाए, जो आजतक किसी के हुए ही नहीं और प्रथम-द्वितीय विश्वयुद्ध की वजह बने।

आज जिस तरह से अमेरिका-यूरोपीय देश रूस के पड़ोसी यूक्रेन की मदद कर रहे हैं, इससे उनकी गलत मंशा को समझा जा सकता है। इजरायल को अरब देशों के साथ भिड़ाए रखना, पाकिस्तान को भारत से भिड़ाए रखना, चीन को ताइवान से भिड़ाए रखना जैसी उनकी कई क्षुद्र नीतियां हैं, जिससे अंतरराष्ट्रीय मानवता भी कभी-कभार संकट में आ जाती है।

यही वजह है कि रूस का मित्र देश चीन अपनी वन बेल्ट, वन रूट जैसी अग्रगामी व्यापारिक नीतियों के माध्यम से अमेरिका को एशिया व यूरोप से बाहर धकेलना चाहता है। जबकि अमेरिका अपने सदाबहार मित्र यूरोपीय देशों के सहयोग से भारत को चीन के खिलाफ आगे बढ़ाना चाहता है, लेकिन भारत-रूस की आपसी सूझबूझ से अमेरिकी दाल यहां पर नहीं गल पा रही है।

यह ठीक है कि चीन, भारत के साथ दोगली चालें चलते रहता है, लेकिन भारत अपने दोस्त रूस के हितों के दृष्टिगत चीन को ज्यादा क्षति नहीं पहुंचाता, बल्कि सिर्फ आत्मरक्षा के उपाय करते रहता है। यही बात अमेरिका व उसके पिछलग्गू देशों को अखड़ती है। अपनी इसी चिढ़ के चलते अमेरिका अब भारत के खिलाफ खुलेआम चाल चलता है, जबकि भारत दुनिया की तीसरी बड़ी सैन्य शक्ति और चौथी बड़ी आर्थिक शक्ति बन चुका है।

उम्मीद है कि शीघ्र ही भारत, जमर्नी को पछाड़ कर दुनिया की तीसरी बड़ी आर्थिक शक्ति बन जाएगा और ग्लोबल साउथ के सहयोग से अमेरिका-चीन दोनों की जनविरोधी नीतियों को कड़ी चुनौती देगा।


आपको पता होना चाहिए कि अमेरिका जहां आतंकवादी पैदा करता-करवाता है, वहीं चीन नक्सली पैदा करता-करवाता है, जो इनके वैश्विक एजेंडे की पूर्ति के लिए पूरी दुनिया में उधम मचाते रहते हैं। अरब देश भी इनकी मदद करते हैं पारस्परिक प्रतिस्पर्धा में। भारत इसे बखूबी समझता है और मजबूत पलटवार भी करता रहता है। इसलिए मानवीयता को वैश्विक क्षितिज पर पुनर्स्थापित करने के लिए भी भारत को आर्थिक व सैन्य रूप से काफी मजबूत होना पड़ेगा, अन्यथा विकसित देश सबको परस्पर लड़ाकर मार डालेंगे।

**– कमलेश पांडेय**
**वरिष्ठ पत्रकार व राजनीतिक विश्लेषक**

# शिक्षा का मतलब मन व शरीर का सर्वांगीण विकास

पिछले एक वर्ष में दर्जनों युवाओं ने हृदयघात से दुनिया को अलविदा कह दिया है। जब किशोर अवस्था में फिटनेस पर काम नहीं होगा तो ऐसे हालात आम देखने को मिलेंगे। जब मन का विकास स्कूल का काम है तो फिर विद्यार्थी के स्वास्थ्य का जिम्मेदार कौन? शिक्षण विषयों के रिपोर्ट कार्ड की तरह स्वास्थ्य के मानकों का रिपोर्ट कार्ड भी प्रत्येक विद्यार्थी का हर स्कूल में अनिवार्य रूप से हो। क्योंकि भाषा व अन्य शिक्षण विषयों की तरह ही स्वास्थ्य के मूल स्तंभ स्पीड, स्ट्रेंथ, इडोरैंस व लचक आदि का प्रयोगिक प्रशिक्षण भी उसी उम्र में शुरू करना होता है। शिक्षण विषयों के लिए तो स्कूलों के पास शिक्षक सहित पूरा प्रबंध है, मगर स्वास्थ्य के घटकों को विकसित करके उनका मूल्यांकन करने की कोई भी सुविधा आज तक उपलब्ध नहीं हो पाई है। इस कॉलम के माध्यम से कई बार इस विषय पर स्कूलों व अभिभावकों को चेताया जा चुका है, मगर कोई भी समझने के लिए तैयार नहीं है। किसी भी देश को इतनी क्षति युद्ध या महामारी से नहीं होती है जितनी तबाही नशे के कारण हो सकती है। आज जब देश के अन्य राज्यों सहित हिमाचल प्रदेश में भी नशा युवा वर्ग पर ही नहीं, किशोरों तक चरस, अफीम, स्मैक, नशीली दवाओं तथा दूरसंचार के माध्यमों के दुरुपयोग से शिकंजा कस रहा है, इसलिए सरकार, स्कूलों प्रबंधन व अभिभावकों को इस विषय पर जरूरी कदम जल्दी ही उठा लेने चाहिएं।

यदि विद्यार्थी किशोरावस्था में नशे से बच जाता है तो वह फिर युवावस्था आते आते समझदार हो गया होता है। माध्यमिक से वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय स्तर पर विद्यार्थियों को विभिन्न विद्याओं में व्यस्त रखने के साथ साथ शारीरिक फिटनेस की तरफ मोडऩा बेहद जरूरी हो जाता है। मानव का सर्वांगीण विकास शिक्षा के बिना अधूरा है। शिक्षा की परिभाषा में साफ साफ लिखा है कि यहां शारीरिक व मानसिक दोनों तरह से बराबर विद्यार्थियों का विकास करना है जिससे वे आगे चलकर जीवन को सफलतापूर्वक खुशहाल जी सकें। शारीरिक विकास के लिए खेलों के माध्यम से फिटनेस कार्यक्रम बहुत जरूरी हो जाता है। खेल ही वह माध्यम है, जिसके द्वारा विद्यार्थी को नशे से दूर रखा जा सकता है। पड़ोसी राज्य पंजाब एक समय तरक्की में देश का अग्रणी राज्य रहा है। खेलों में उत्कृष्टता उस प्रदेश की तरक्की व खुशहाली का भी पैमाना होती है। पंजाब में हजारों प्रशिक्षक विभिन्न खेलों में खेल प्रशिक्षण के लिए नियुक्त होने के साथ साथ खेल प्रशिक्षण के लिए आधारभूत ढांचा होना वहां के विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास का प्रमुख कारण रहा था। बाद में जब पंजाब धीरे धीरे खेलों से दूर हुआ तो पहले वहां आतंकवाद और फिर आजकल पंजाब नशे का अड्डा बना हुआ है। यही कारण है कि हर क्षेत्र में आज हरियाणा पंजाब से काफी आगे निकल गया है। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने एशियाई, राष्ट्रमंडल व ओलंपिक खेलों में पदक विजेता होने पर खिलाडिय़ों को करोड़ों रुपए के नगद ईनाम व सम्मानजनक नौकरी देकर हरियाणा में



खेलों के लिए बहुत ही उपयुक्त वातावरण तैयार किया है। उसी का नतीजा है कि आज हरियाणा का हर किशोर व युवा किसी न किसी खेल के मैदान में नजर आता है। हिमाचल प्रदेश में भी पूर्व मुख्यमंत्री प्रोफेसर प्रेम कुमार धूमल ने प्रदेश की खेलों के लिए अपने पहले कार्यकाल से ही कई महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए हिमाचल प्रदेश में कई खेलों के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्ले फील्ड, सरकारी नौकरियों में तीन प्रतिशत आरक्षण तथा देश में प्रशिक्षक कैडर डाईंग हो जाने के बाद पहली बार चालीस प्रशिक्षकों की भर्ती जैसे बहुत बड़े खेल सुधार किए। हिमाचल प्रदेश की खेल सुविधाओं का प्रयोग राज्य में स्वास्थ्य व खेलों के लिए बड़े स्तर पर करना चाहिए।

हिमाचल प्रदेश इस समय शिक्षा के क्षेत्र में देश के अग्रणी राज्यों में गिना जाता है। पिछले कुछ दशकों से हिमाचल प्रदेश के नागरिकों की फिटनेस में बहुत कमी आई है। इसका प्रमुख कारण है विद्यालय स्तर पर विद्यार्थियों के लिए किसी भी प्रकार के फिटनेस कार्यक्रम का न होना। रट्टे वाली पढ़ाई की होड़ में हम विद्यार्थियों की फिटनेस को ही भूल गए हैं। हिमाचल प्रदेश की अधिकांश आबादी गांव में रहती थी। वहां पर सवेरे-शाम वर्षों पहले विद्यार्थी अपने अभिभावकों के साथ कृषि व अन्य घरेलू कार्यों में सहायता करता था। विद्यालय आने जाने के लिए कई किलोमीटर दिन में पैदल चलता था। इसलिए उस समय के विद्यार्थी को किसी भी प्रकार के फिटनेस कार्यक्रम की कोई जरूरत नहीं थी। आज का विद्यार्थी घर के आंगन में बस पर सवार होकर विद्यालय के प्रांगण में उतरता है।

इसके अलावा पढ़ाई के नाम पर ज्यादा समय खर्च करने के कारण फिटनेस के लिए कोई समय नहीं बचता है। अधिकांश स्कूलों के पास फिटनेस के लिए न तो आधारभूत ढांचा है और न ही कोई कार्यक्रम है। आज का विद्यार्थी फिटनेस व मनोरंजन के नाम पर दूरसंचार माध्यमों का कमरे में बैठ कर खूब दुरुपयोग कर रहा है। ऐसे में विद्यार्थी के सर्वांगीण विकास की बात मजाक लगती है। आज के विद्यार्थी के लिए विद्यालय या घर पर आधे घंटे के फिटनेस कार्यक्रम की सख्त जरूरत है। इसमें 15 से 20 मिनट धीरे-धीरे दौडऩा तथा विभिन्न कोणों पर शरीर के जोड़ों की विभिन्न क्रियाओं को पूरा करने के बाद शरीर को कूलडाऊन करना होगा। कम से कम बीस मिनटों तक तेज चलने, दौडऩे व शारीरिक क्रियाओं के करने से रक्त वाहिकाओं में रक्त संचार तेज हो जाता है। उससे हर मसल को उपयुक्त मात्रा में प्राणवायु मिलने से उसका समुचित विकास होता है। आज के विद्यार्थी को अगर कल का अच्छा नागरिक बनाना है, तो हमें स्कूली पाठ्यक्रम के साथ साथ ही उसके लिए सही फिटनेस कार्यक्रम देना होगा। तभी हम सही अर्थों में अपनी अगली पीढ़ी को संपूर्ण शिक्षित कर सकते हैं, जो अपनी आगामी जिंदगी में बिल्कुल स्वस्थ रहकर देश व प्रदेश के लिए साठ वर्ष तक अपने हुनर की सेवाएं दे सकें।

**भूपिंद्र सिंह**
**अंतरराष्ट्रीय एथलेटिक्स प्रशिक्षक**

# राशिफल

**श्रावण माह, कृष्ण पक्ष, द्वितीया** | **(विक्रम संवत् 2082)**

**मेष- (चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ)**
सकारात्मक ऊर्जा का संचार होगा। स्वास्थ्य में सुधार होगा। प्रेम, संतान का साथ होगा।

**वृष- (ई, उ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे , वो)**
चिंताकारी सृष्टि का सृजन हो रहा है। मन परेशान रहेगा। खर्च की अधिकता रहेगी।

**मिथुन- (का, की, कु, घ, ड , छ, के, हो, हा)**
आय में सुधार होगा। रुका हुआ धन वापस मिलेगा। आय के नवीन स्तोत्र बनेंगे। अच्छे समाचार की प्राप्ति होगी।

**कर्क- (ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डा)**
स्वास्थ्य में सुधार। कोर्ट-कचहरी में विजय। व्यापारिक सफलता। स्वास्थ्य, प्रेम, व्यापार बहुत अच्छा।

**सिंह- (मा, मी, मु, मे, मो, टा, टी, टु, टे)**
कार्यों की विघ्न-बाधा खत्म होगी। यात्रा का योग बनेगा। धर्म-कर्म में हिस्सा लेंगे। स्वास्थ्य में सुधार।

**कन्या- (टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो)**
चोट-चपेट लग सकती है। किसी परेशानी में पड़ सकते हैं। परिस्थितियां प्रतिकूल हैं। स्वास्थ्य पर ध्यान दें।

**तुला- (रा, री, रु, रे, रो, ता, ती, तू, त)**
आनंदमय जीवन गुजरेगा। प्रेमी-प्रेमिका की मुलाकात होगी। जीवनसाथी के साथ सानिध्य बना रहेगा, जो लोग विवाहित हैं।

**वृश्चिक- (तो, ना, नी, नु, ने, नो, या, यी, यू)**
शत्रु भी मित्रवत व्यवहार करेंगे या स्वंय हार जाएंगे। स्वास्थ्य थोड़ा प्रभावित है। प्रेम, संतान अच्छा है।

**धनु- (ये, यो, भा, भी, भू, धा, फा, ठा, भे)**
गृह कलह के संकेत हैं। भौतिक सुख-संपदा में वृद्धि होगी। स्वास्थ्य में सुधार। प्रेम, संतान का साथ। व्यापार अच्छा।

**मकर- (भो,जा,जी,जू,जे,जो,खा,खी,खू,खे,गा,गी)**
पराक्रम रंग लाएगा। रोजी-रोजगार में तरक्की करेंगे। स्वास्थ्य में सुधार होगा। प्रेम, संतान का साथ होगा।

**कुम्भ- (गू, गे, गो, सा, सी, सु, से, षो, द)**
जुआ, सट्टा, लॉटरी में पैसे न लगाएं। नुकसान का संदेह है। मुख रोग के शिकार हो सकते हैं। स्वास्थ्य पर ध्यान दें।

**मीन- (दी, दु, झ, ध, दे, दो, च, चा, चि)**
स्वास्थ्य में सुधार हो चुका है। प्रेम, संतान भी अच्छा है। व्यापार भी अच्छा है। धर्नाजन बढ़ेगा। कुटुंब में वृद्धि होगी।

# चिटहेरा में कल बहेगी विकास की गंगा





**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** दादरी के भाजपा विधायक तेजपाल सिंह नागर के अथक प्रयासों से चिटहेरा गांव में कल 40 करोड़ रूपये की लागत से बनने वाले स्टेडियम का उदघाटन किया जाएगा।

सर्वविदित हो कि स्टेडियम की स्वीकृति प्रदेश के मुख्यमंत्री ने दे दी है। इसी कड़ी में सड़क के दोनों ओर चौड़ीकरण का भी कार्य किया जाएगा और इस सड़क के किनारे नाले का भी निर्माण होगा जिसकी लागत 35 करोड़ रूपये होगी। वहीं पशु अस्साल की नई बिल्डिंग के लिए भी विधायक तेजपाल नागर ने 60 लाख रूपये स्वीकृत करवाया है।

चिटहेरा में बनने वाले 40 करोड़ के स्टेडियम से आसपास के युवाओं को विशेष सुविधा मिलेगी। विधायक द्वारा अपने विधानसभा में निरंतर विकास की गति तेजी के साथ बढ़ रही है।

# नोएडा अर्थारिटी के अधिकारियों ने शहदरा में किया दौरा

**नोएडा ( चेतना मंच )।** ग्राम शाहदरा में ग्रामीणों की शिकायत पर कल नोएडा अर्थारिटी के अधिकारियों ने दौरा कर समस्याओं को जाना और उनके निस्तारण के लिए आश्वासन दिया।

बता दें कि ग्रामीणों की शिकायत को लेकर ग्राम विकास समिति शहदरा के अध्यक्ष सुभाष भाटी ने गत दिवस नोएडा प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी डॉ. लोकेश एम से किया था। जिस पर कार्यवाही की गई है।

ग्राम विकास समिति के अध्यक्ष सुभाष भाटी ने कहा कि हमें उम्मीद है नोएडा अर्थॉरिटी मेरे गांव गढ़ी शहदरा में जरूर विकास करेगी और हम एक मांग भी करते हैं कि सीईओ साहब भी हमारे गांव में एक बार जरूर आए क्योंकि जब से गांव में मैने ग्राम विकास समिति बनाई है तब से अधिकारियों का विकास कार्य को लेकर शिकायत की गई थी।



# शिक्षामित्रों ने जिलाधिकारी को दिया ज्ञापन




**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** जिले के शिक्षामित्र ने अपनी मांगों को लेकर जिलाधिकारी को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। संघ के जिला अध्यक्ष जगबीर भाटी ने बताया कि 25 जुलाई को हम लोग श्रद्धांजलि दिवस, काला दिवस के रूप में मानते हैं, क्योंकि 25 जुलाई 2017 को उत्तर प्रदेश के शिक्षामित्र के जीवन में नौकरी छिन जाने के बाद भविष्य अंधकार मय जैसा हो गया है। इसलिए प्रत्येक वर्ष 25 जुलाई को शिक्षामित्र काला दिवस के रूप में मनाता है।

इस अवसर पर मानवेंद्र भाटी उम्रवेग, राजीव शर्मा नरेश खारी, संतोष सनोज कुमार डॉक्टर रवि करण, बृजपाल आदि ने अपने विचार प्रकट किया। अजब राज, पूनम रेखा, रजनी बबीता मिथिलेश हेमलता, माया विनोद रंजीत तरुण पवार, पचौरी, बबीता पूजा, सहित सैकड़ो शिक्षामित्र मौजूद रहे।



जोका कैफे का उद्घाटन कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर भाजपा के मंडल उपाध्यक्ष सुनील शर्मा तुगलपुरिया मौजूद रहे।

## कपिल भाटी को बधाईयां का तांता

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** भारतीय जनता पार्टी ग्रेटर नोएडा के



नवनियुक्त मंडल उपाध्यक्ष कपिल भाटी को बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है।

सर्वविदितहो कि हाल ही में ग्रेटर नोएडा मंडल के कार्यकारिणी में कपिल भाटी को उपाध्यक्ष बनाया गया है। बतातें चलें कि कपिल भाटी काफी समय से भारतीय जनता पार्टी में सक्रिय रूप से कम कर रहे थे और उनकी मेहनत को देखते हुए पार्टी ने उन्हें यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी है।

# सपाईयों ने फूलन देवी की 24वीं पुण्यतिथि मनाई

**नोएडा ( चेतना मंच )।** समाजवादी पार्टी नोएडा महानगर ने महानगर अध्यक्ष डॉ आश्रय गुप्ता की अध्यक्षता में सेक्टर-53 स्थित सपा नोएडा महानगर कैंप कार्यालय पर पूर्व सांसद फूलन देवी की 24वीं पुण्यतिथि पर उनको श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम का संचालन महासचिव विकास यादव के द्वारा किया गया। महानगर अध्यक्ष डॉ आश्रय गुप्ता ने कहा कि फूलन देवी का संघर्ष नारी शक्ति एवं सामाजिक न्याय का प्रतीक बन गया।

प्रदेश सचिव सुनील चौधरी व जयकरण चौधरी ने कहा कि समाजवादी पार्टी के संस्थापक मुलायम सिंह यादव ने फूलन देवी को सांसद का टिकट दिया। मीरपुर संसदीय क्षेत्र की जनता के अपार समर्थन से वह वर्ष 1996 में सांसद बनकर देश के उच्च सदन में पीड़ित



अपेक्षित बेसहारा समाज की आवाज बनकर उभरी।

कार्यक्रम में महासचिव विकास यादव, बबलू चौहान, गौरव कुमार यादव, वीरपाल प्रधान, वीरपाल अवाना, पिंटू यादव, चिंटू त्यागी, सोनू त्यागी, कमल सिंह गौतम, अमित यादव, अमित बसोया, सुमित अंबावत, मनोज गौतम, बब्बू यादव, सौरभ, कृपा शंकर यादव, शालिनी खारी, राम सहेली, रेणुका मेथी, बाबा जयवीर, रामवीर यादव, देवेंद्र खारी, उदय सिंह, लोकेश यादव, बिमला, सिकंदर पासवान,विश्वास यादव, बिल्लू सैफी, मुख्य रूप से मौजूद रहे।

# कला की नौ विधाओं से सजेगा राष्ट्रीय कला उत्सव का ऑनलाइन मंच




**नोएडा ( चेतना मंच )।** कला के क्षेत्र में अग्रणी समाजसेवी संस्था कलांतर आर्ट फाउंडेशन द्वारा आयोजित वार्षिक कला उत्सव का आरम्भ आगामी 28 जुलाई से होना तय हुआ है। शुक्रवार को नोएडा मीडिया क्लब में पत्रकारों से वार्ता करते हुए कलांतर आर्ट फाउंडेशन अध्यक्ष विशाल श्रीवास्तव ने बताया कि इस वर्ष कुल नौ विधाओं में राष्ट्रीय स्तर पर कला प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। फाउंडेशन पिछले कई वर्षों से संस्था देश भर में छिपी हुई कला प्रतिभा को सामने लाने के लिए वार्षिक कला उत्सव आयोजित करती आ रही है। आधुनिक युवा वर्ग को कला से जोड़ने के लिए जहां एक ओर डिजिटल आर्ट की विधा को शामिल किया गया है, वहीं वेद, पुराण और सनातन संस्कृति को सामने लाने के लिए संस्कृत श्लोक पाठ को शामिल किया गया है। इन प्रतियोगिताओं में देशभर की सरकारी, गैर-सरकारी स्कूल, कॉलेज के साथ ही देश भर के बंदीगृह, बाल सुधार गृह, नारी बंदी निकेतन, महिला आश्रम, वृद्धाश्रम, अनाथालय, एनजीओ के स्कूल आदि से भी प्रविष्टियां आमंत्रित की गयी हैं। इसके अतिरिक्त संस्कृति मंत्रालय की ओर से भी सभी क्षेत्रीय सांस्कृतिक केंद्र को प्रतिभागिता के लिए पत्र भेजा गया है। विशाल ने बताया कि यदि सब कुछ योजना के अनुसार हुआ, तो 5 लाख से भी अधिक लोगों की प्रतिभागिता से साथ ही कलांतर 2025-राष्ट्रीय कला उत्सव, देश कला के क्षेत्र में देश की सबसे बड़ी प्रतियोगिता होगी।

संस्था की निदेशक पूजा श्रीवास्तव ने बताया कि सभी प्रतियोगितायें ऑनलाइन माध्यम से करवाई जा रही हैं। कुछ प्रतियोगिताएं एक चरण में होंगी और कुछ प्रतियोगिताएं तीन चरण में होंगी। पूजा ने यह भी बताया कि प्रविष्टियां लेने से लेकर ज्यूरी द्वारा अंक देने की प्रक्रिया, पूरा सिस्टम ऑनलाइन स्वचालित बनाया गया है जिससे पूरी प्रक्रिया पारदर्शी है और विजेताओं का चयन बिना किसी दबाव के होगा।

कलांतर 2025 के टेक्नोलॉजी पार्टनर द आर्गस कंसल्टिंग के मैनेजिंग पार्टनर आलोक गर्ग ने बताया कि प्रतियोगिता में प्रविष्टि भेजने की पूरी प्रक्रिया बहुत सरल बनायीं गयी है। कोई भी व्यक्ति,व्यक्तिगत प्रतिभागी के रूप में, ग्रुप लीडर के रूप में या अपनी संस्था के सुपरवाइजर के रूप में रजिस्टर कर सकता है- ठीक वैसे ही जैसे आप किसी ईमेल के लिए नया अकाउंट बनाते हैं। इसके बाद आप प्रविष्टियां भेजने की अंतिम तिथि के पहले कभी भी बड़ी आसानी से अपनी प्रविष्टियां भेज सकते हैं। अलोक ने बताया कि साइन-अप करने तथा प्रविष्टियां भेजने की गाइडिंग वीडियो इंटरनेट पर उपलब्ध है।

प्रतियोगिताओं के साथ ही कला उत्सव में कई अन्य गतिविधियां भी प्रस्तावित हैं, जिनमें विभिन्न कला विधाओं की वर्कशॉप, स्टोरीटेलिंग सेशन, कुछ चर्चित कलाकारों से मुलाकात आदि शामिल हैं। संस्था के उपाध्यक्ष राजेश श्रीवास्तव ने बताया की लगभग 3 महीने तक चलने वाले उत्सव का समापन दिल्ली में आयोजित होने वाले पुरस्कार समारोह से होगा। दिल्ली से बाहर रहने वाले विजेताओं को संस्था के खर्चे पर आमंत्रित किया जाएगा। भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों को ऑनलाइन प्रतिभागिता सर्टिफिकेट दिया जाएगा।

**दैनिक चेतना मंच**
भगवान हनुमान बजरंग बली के अवतार श्री बालाजी ( मेंहदीपुर ) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में समर्पित है।
डाक पंजी. सं. L-10/GBD-574/99
RNI No. 69950/98
स्वामी मुद्रक प्रकाशक रामपाल सिंह रघुवंशी ने M/s Sai Printing Press, डी-85 सेक्टर-6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर ( यू पी. ) से छपवाकर, ए-131 सेक्टर-83, नोएडा से प्रकाशित किया।
संपादक-रामपाल सिंह रघुवंशी
Contact: 0120-2518100, 4576372, 2518200
Mo.: 9811735566, 8750322340
E-mail: chetnamanch.pr@gmail.com
raghuvanshirampal365@gmail.com
raghuvanshi_rampal@yahoo.co.in
www.chetnamanch.com

**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**

**ई-निविदा (ई-प्रोक्योरमेंट सिस्टम) के माध्यम से निविदा आमंत्रण**

| | | |
|---|---|---|
| | विवरण | एन आई टी 17, 19 & 27-2025-26-डब्ल्यू-5 |
| 1 | काम का नाम और उसका स्थान | 17) सहायक मंडल अभियंता/निजामुद्दीन के खंड में सीस सफाई, जंगल सफाई और उथली स्क्रीनिंग का कार्य। |
| | | 19) सहायक मंडल अभियंता/निजामुद्दीन के अंतर्गत एसएसई/पी.वे./एचएनजेडएम के अनुभाग में ग्लूड जॉइंट एवं स्विच एक्सपेंशन जॉइंट का प्रतिस्थापन का कार्य। **समान कार्य की प्रकृति :** किसी भी प्रकार का ट्रैक कार्य। |
| | | 27) वरिष्ठ मंडल अभियंता पंचम/नई दिल्ली के अनुभाग के लिए विविध पीवे सामग्री के नेतृत्व का कार्य। **समान कार्य की प्रकृति :** किसी भी प्रकार का ट्रैक कार्य। |
| 2 | काम की अनुमानित लागत | 17) Rs. 3999583.33 19) Rs. 5499700.23 27) Rs. 7999171.50 |
| 3 | अग्रिम राशि (रुपये) | (यह नेट बैंकिंग के रूप में होना चाहिए या केवल भुगतान गेटवे द्वारा।) (नोटः रेलवे बोर्डों के पत्र संख्या 2015/सीई-आई/सीटी/5/1 दिनांक 31.08.2016 के अनुसार जो टेंडर आईआर ई पी एस पर आमंत्रित किया गया है उसमें एफडीआर को निविदा के लिए, ईएमडी के रूप में, स्वीकार नहीं किया जाएगा।) 17) Rs. 80000.00 19) Rs. 110000.00 27) Rs. 160000.00 |
| 4 | काम की समाप्ति अवधि | 17) 09 महीने 19) 09 महीने 27) 09 महीने |
| 5 | निविदा प्रस्तुत करने और निविदा खोलने के लिए दिनांक और समय | 18.08.2025 को 15:00 बजे तक तथा 18.08.2025 को 15:00 बजे निविदा खुलना है। |
| 6 | वेबसाइट के विवरण का नोटिस बोर्ड स्थान निविदा का पूरा | यह निविदा आई.आर.ई.पी.एस. वेबसाइट अर्थात www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। |

No. 128-W/280/OET/2025-26/W-V/ NIT-17, 19 & 27-2025-26 Date 24.07.2025

2259/25

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण**

YEIDA FUTURE IS HERE

प्रथम तल, कॉमर्शियल कॉम्पलेक्स, (पी-2) सैक्टर ओमेगा-1, ग्रेटर नौएडा, जनपद गौतमबुद्धनगर-201308 (उ.प्र.)
Toll Free No. : 18001808296 वेबसाइट www.yamunaexpresswayauthority.com

पत्रांकः वाई०ई०ए०/भूलेख/710/2025 दिनांक 22.07.2025

**सार्वजनिक सूचना**

यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण द्वारा ग्राम **तकीपुर बांगर, धनसिया व मौहम्दपुर जादो** के अन्तर्गत आने वाली भूमि का सुनियोजित विकास हेतु सम्बन्धित कृषको द्वारा दी गयी सहमति की दर रू० 3808/- प्रतिवर्ग मी० से यमुना एक्सप्रेसवे प्राधिकरण की 84वीं बोर्ड बैठक दिनांक 28.03.2025 के मद संख्या 03 के क्रम में जारी कार्यालय आदेश संख्या वाई०ई०ए०/भूलेख/222/2025 दिनांक 08.04.2025 में तय प्रक्रियानुसार निम्नानुसार क्रय किया जाना प्रस्तावित हैः-

**ग्राम तकीपुर बांगर, धनसिया व मौहम्दपुर जादो**

| क्र० सं० | सै०/ग्राम का नाम | खाता संख्या | खसरा संख्या | खसरे का कुल क्षेत्रफल (हे० में) | खातेदार का नाम व पता | तहसील से प्राप्त रिपोर्ट के आधार पर काश्तकार का हिस्सा (हे० में) | काश्तकार का विक्रय हेतु क्षेत्रफल (हे० में) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | तकीपुर बांगर | 292 | 249 | 0.5690 | सुनील कुमार पुत्र जगवीर सिंह नि० नंगला श्री गोपाल तहसील जेवर जिला गौतमबुद्धनगर। | में से | 0.0948 |
| 2. | तकीपुर बांगर | 201 | 263 | 2.2130 | विजय कुमार शर्मा पुत्र धर्मपाल शर्मा नि० गढी चौखण्डी नोएडा जिला गौतमबुद्धनगर। | 1/9 | 0.2458 |
| 3. | तकीपुर बांगर | 201 | 263 | 2.2130 | दिनेश कुमार शर्मा पुत्र धर्मपाल शर्मा नि० गढी चौखण्डी नोएडा जिला गौतमबुद्धनगर। | 1/9 | 0.2459 |
| 4. | तकीपुर बांगर | 201 | 263 | 2.2130 | कपिल शर्मा पुत्र धर्मपाल शर्मा नि० गढी चौखण्डी नोएडा जिला गौतमबुद्धनगर। | 1/9 | 0.2459 |
| 5. | तकीपुर बांगर | 197 | 251 | 0.2150 | श्रीमती विमलेश गुप्ता पत्नी आलोक कुमार गुप्ता नि० छपरौला जिला गौतमबुद्धनगर। | सम्पूर्ण | 0.2150 |
| 6. | तकीपुर बांगर | 76 | 161 | 1.5530 | जय सिंह पुत्र जगत सिंह नि० शाहपुर तहसील महरौली दिल्ली | 1/3 | 0.5177 |
| 7. | तकीपुर बांगर | 170 | 91 | 1.6520 | मन्जू पत्नी राजेश सिंह नि० भागलपुरम चूहडपुर खादर ग्रेटर नोएडा | 1/4 | 0.4130 |
| 8. | तकीपुर बांगर | 112 | 270 | 2.0830 | राजवीर पुत्र कल्लू नि० तकीपुर बांगर | में से | 0.3049 |
| 9. | तकीपुर बांगर | 84 | 254 | 1.4100 | निरंजन लाल पुत्र रामचन्द्र नि० मौहम्दाबाद खेडा | में से | 0.3374 |
| 10. | तकीपुर बांगर | 110 | 01 | 2.5570 | हरवीर पुत्र श्रीराम नि० बिरोडा तहसील व जिला गौतमबुद्धनगर | में से | 0.1687 |
| 11. | तकीपुर बांगर | 110 | 01 | 2.5570 | ओमवीर पुत्र श्रीराम नि० बिरोडा तहसील व जिला गौतमबुद्धनगर | में से | 0.1687 |
| 12. | धनसिया | 125 | 08 | 2.2470 | प्रेमपाल पुत्र हरिशचन्द्र नि० धनसिया | में से | 0.2152 |
| 13. | धनसिया | 125 | 08 | 2.2470 | रामू पुत्र हरिशचन्द्र नि० धनसिया | में से | 0.2152 |
| 14. | धनसिया | 125 | 08 | 2.2470 | आनन्द पुत्र हरिशचन्द्र नि० धनसिया | में से | 0.2996 |
| 15. | मौहम्दपुर जादो | 04 | 218 | 1.4300 | नितिन त्यागी पुत्र विजय त्यागी नि० गाजियाबाद | में से | 0.0794 |
| 16. | मौहम्दपुर जादो | 04 | 218 | 1.4300 | अभिषेक पुत्र शमशेर नि० कैथल हरियाणा | में से | 0.0794 |

उपरोक्त भूमि क्रय किये जाने में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति है तो वह लिखित रूप में 15 दिन के अन्दर अधोहस्ताक्षरी को अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है।

**डिप्टी कलेक्टर,**
**यमुना एक्सप्रेसवे औद्यो० वि० प्राधिकरण**

यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण के अधिसूचित क्षेत्र में प्राधिकरण द्वारा स्वीकृत मास्टर प्लान के अतिरिक्त प्लॉटिंग/हाउसिंग/कॉलोनी या किसी भी प्रकार का अन्य निर्माण पूरी तरह से अवैध है। सामान्यजन इस प्रकार की खरीद फरोख्त से पूर्णतः सचेत रहें तथा कॉलोनाइजर के भ्रामक विज्ञापनों से बचें। अधिक जानकारी के लिए प्राधिकरण की बेवसाइट www.yamunaexpresswayauthority.com देखें।

# भारत-ब्रिटेन व्यापार समझौता मोटर वाहन क्षेत्र के लिए फायदेमंद : सियाम

- सियाम, भारत सरकार के साथ मिलकर काम करने के लिए प्रतिबद्ध
- ब्रिटेन के साथ संपन्न ये समझौता भारत की वैश्विक आर्थिक भागीदारी, खासकर विकसित अर्थव्यवस्थाओं के साथ संबंध मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम

एजेंसी

**नई दिल्ली।** सोसायटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स (सियाम) ने भारत-यूके मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) का गर्मजोशी से स्वागत किया है। सियाम ने शुक्रवार को कहा कि इस समझौते से प्रमुख वैश्विक साझेदार के साथ सहयोग और अवसर के लिए नए रास्ते खुलेंगे। सियाम के अध्यक्ष शैलेश चंद्रा ने एक बयान में कहा, हम इस समझौते को एक व्यापक रणनीतिक भागीदारी के हिस्से के रूप में देखते हैं। यह एक प्रमुख वैश्विक साझेदार के साथ सहयोग और अवसर के लिए नए रास्ते खोलता है। उन्होंने कहा कि सियाम, भारत सरकार के साथ मिलकर काम करने के लिए प्रतिबद्ध है, ताकि समझौते के लाभ भारतीय मोटर वाहन उद्योग के लिए अधिक वृद्धि, वैश्विक प्रतिस्पर्धा और प्रौद्योगिकी प्रगति में तब्दील हों सकें। चंद्रा ने कहा कि ब्रिटेन के साथ संपन्न ये समझौता भारत की वैश्विक आर्थिक भागीदारी, खासकर विकसित अर्थव्यवस्थाओं के साथ संबंध मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि चूंकि दो प्रमुख अर्थव्यवस्थाएं साझेदारी के एक नए चरण में प्रवेश कर रही हैं। ऐसे में वैश्विक व्यापार अनिश्चितताओं के बीच इस परिवर्तनकारी समझौते का संपन्न होना आधुनिक व्यापार एवं निवेश ढांचे को आकार देने में भारत के बढ़ते नेतृत्व को दर्शाता है। इस समझौते से ब्रिटेन के बाजार में चमड़ा, विद्युत मशीनरी और रसायन जैसे कई घरेलू क्षेत्रों तक शुल्क मुक्त पहुंच उपलब्ध होगी, जिससे करीब 23 अरब यूएस डॉलर के व्यापर के अवसर खुलेंगे।

## ब्रिटेन के एफटीए से भारत को होगा फायदा, अन्य देशों के साथ भी ऐसे समझौतों की जरूरत: संजय मल्होत्रा



**मुंबई।** रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने शुक्रवार को ब्रिटेन के साथ मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर हस्ताक्षर का स्वागत करते हुए कहा कि इससे भारतीय अर्थव्यवस्था के कई क्षेत्रों को मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि भारत को अन्य देशों के साथ इसी तरह के समझौते करने की जरूरत है। संजय मल्होत्रा ने आज मुंबई में बीएफएसआई आईटी शिखर सम्मेलन में कहा कि लंदन में ब्रिटेन के साथ हुए मुक्त व्यापार समझौते से हमें मदद मिलेगी। अब आगे बढ़ने का यही रास्ता है, क्योंकि दुर्भाग्य से बहुपक्षवाद पीछे छूट गया है। आरबीआई गवर्नर ने कहा कि इससे हमारे विनिर्माण और सेवा क्षेत्र के विभिन्न क्षेत्रों को मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि वर्तमान वास्तविकताओं को देखते हुए जहां बहुपक्षवाद पीछे छूट गया है, भारत के लिए अन्य देशों के साथ ऐसे और समझौते करना जरूरी है। मल्होत्रा ने यह भी स्वीकार किया कि ऐसे कई और समझौते बातचीत के चरण में हैं। मल्होत्रा ने अपने अमेरिकी समकक्ष जेरोम पॉवेल का फेडरल रिजर्व की स्वतंत्रता को बनाए रखने के उनके प्रयासों के लिए समर्थन किया, ऐसे समय में जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इसकी नीतियों से अपनी असहमति सार्वजनिक रूप से व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि वह (पॉवेल) बहुत अच्छा काम कर रहे हैं।

## मेड इन इंडिया न्यू निसान मैग्नाइट को पैसेंजर सेफ्टी के मामले में जीएनसीएपी की तरफ से मिली 5-स्टार रेटिंग




**रांची।** निसान मोटर इंडिया प्राइवेट लिमिटेड की मेड इन इंडिया कॉम्पैक्ट एसयूवी नई निसान मैग्नाइट को ग्लोबल न्यू कार असेसमेंट प्रोग्राम (जीएनसीएपी) की ओर से 5-स्टार सेफ्टी रेटिंग मिली है। वयस्कों की सुरक्षा में इसे परफेक्ट स्कोर मिला, जबकि बच्चों की सुरक्षा में 3-स्टार रेटिंग प्रदान की गई। यह रेटिंग अंतरराष्ट्रीय मानकों पर आधारित क्रैश टेस्ट के बाद दी गई है।नई निसान मैग्नाइट को चेन्नई स्थित प्लांट में तैयार किया जाता है और यह कंपनी की वन कार, वन वर्ल्ड रणनीति के तहत 65 से अधिक देशों में निर्यात की जाती है। भारत और दक्षिण अफ्रीका में इसे बेचा जा रहा है। मैग्नाइट को फ्रंटल व साइड इंपैक्ट प्रोटेक्शन, ईएससी टेस्टिंग, पैदल यात्री सुरक्षा और साइड पोल इंपैक्ट प्रोटेक्शन जैसे कड़े परीक्षणों से गुजारा गया। इसमें 40 से ज्यादा स्टैंडर्ड सेफ्टी फीचर्स हैं, जिनमें 6 एयरबैग, एबीएस + ईबीडी, इलेक्ट्रॉनिक स्टेबिलिटी कंट्रोल (ईएससी), ट्रैक्शन कंट्रोल सिस्टम (टीसीएस), ब्रेक असिस्ट, टीपीएमएस जैसे फीचर्स शामिल हैं।

### फिजिक्सवाला ने किया पीडब्ल्यूएनएसएटी की घोषणा

## एनईईटी व जेईई अभ्यर्थियों के लिए स्कॉलरशिप का अवसर



एजेंसी

**रांची।** एजुकेशन कंपनी फिजिक्सवाला (पीडब्ल्यू) ने पीडब्ल्यूएनएसएटी (फिजिक्सवाला नेशनल स्कॉलरशिप कम एडमिशन टेस्ट) 2025 के चौथे संस्करण की घोषणा की है। यह स्कॉलरशिप टेस्ट एनईईटी यूजी और IIT-JEE के अभ्यर्थियों के लिए एक प्रयास है ताकि शिक्षा और मार्गदर्शन को सभी छात्रों तक पहुँचाया जा सके, चाहे उनकी आर्थिक स्थिति कुछ भी हो।यह पहल रांची में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान घोषित की गई, जहाँ झारखंड के पीडब्ल्यू रीजनल हेड, पीडब्ल्यू विद्यापीठ रांची के सेंटर हेड और बिजनेस हेड एक साथ उपस्थित हुए और उन्होंने पीडब्ल्यूएनएसएटी 2025 के विभिन्न लाभों की जानकारी दी। इसके अतिरिक्त, शहर के कई स्कूलों के प्राचार्य भी इस कार्यक्रम में शामिल हुए। पीडब्ल्यूएनएसएटी 2025 एग्जाम ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों मोड में आयोजित किया जाएगा, ताकि देश के विभिन्न क्षेत्रों के छात्र इसे आसानी से दे सकें। ऑनलाइन मोड के लिए छात्र 1 अक्टूबर से 15 अक्टूबर 2025 के बीच परीक्षा दे सकते हैं।

## स्कॉर्पियो-एन पिकअप अपने दमदार लुक से मचाएगी तहलका

एजेंसी

**नई दिल्ली।** स्वदेशी कंपनी महिंद्रा अपनी लोकप्रिय एसयूवी स्कॉर्पियो-एन के बेस पर एक दमदार पिकअप ट्रक लॉन्च करने जा रही है। एक बार फिर से स्कॉर्पियो-एन पिकअप भारतीय ऑटो मार्केट में तहलका मचाने को तैयार है। यह न केवल स्टाइलिश दिखेगा, बल्कि पावर और यूटिलिटी के मामले में भी शानदार परफॉर्मेंस देगा। यह नया मॉडल खासतौर पर उन ग्राहकों के लिए तैयार किया गया है जो एक साथ फैमिली और कमर्शियल दोनों तरह के कामों के लिए एक मजबूत और भरोसेमंद वाहन चाहते हैं।

## खास खबर

### एम्बेसी ऑफिस पार्क्स आरईआईटी ने 2,000 करोड़ के एनसीडी जारी किए

**नई दिल्ली।** एम्बेसी ऑफिस पार्क्स (आरईआईटी) ने गैर-परिवर्तनीय ऋणपत्र (एनसीडी) जारी कर 2,000 करोड़ रुपये जुटाए हैं। यह एनसीडी 10 वर्ष की अवधि के लिए जारी किए गए हैं, जिनकी कूपन दर पहले पांच वर्षों के लिए 7.25 फीसदी और अगले पांच वर्षों के लिए 7.45 फीसदी है। कंपनी ने इस राशि का उपयोग अपने मौजूदा ऋणों के पुनर्वित्त और ब्याज लागत बचाने के लिए किया जाएगा। इस निर्गम में बीमा कंपनियां, पेंशन फंड, म्यूचुअल फंड सहित 15 से अधिक संस्थागत निवेशकों ने भाग लिया। एम्बेसी आरईआईटी भारत का पहला सार्वजनिक रूप से सूचीबद्ध रियल एस्टेट निवेश ट्रस्ट है, जिसके पास 5.11 करोड़ वर्ग फुट से अधिक कार्यालय क्षेत्र है। यह कार्यालय पार्क बेंगलुरु, मुंबई, पुणे, दिल्ली-एनसीआर और चेन्नई में फैले हुए हैं। कंपनी की यह पहल उसके वित्तीय स्वास्थ्य को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

### एनएसडीएल का आईपीओ 30 से खुलेगा

**नई दिल्ली।** नेशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड (एनएसडीएल) ने अपने 4,011 करोड़ के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के लिए 760 से 800 प्रति शेयर का मूल्य दायरा तय किया है। यह आईपीओ 30 जुलाई से 1 अगस्त 2025 तक खुला रहेगा, जबकि एंकर निवेशक 29 जुलाई को ही बोली लगा सकेंगे। आईपीओ पूरी तरह से ऑफर फॉर सेल पर आधारित है, जिसमें 5.01 करोड़ शेयरों की बिक्री की जाएगी। इससे कंपनी को कोई नया पूंजी निवेश नहीं मिलेगा। शेयर बेचने वालों में एनएसई, एसबीआई, एचडीएफसी बैंक, आईडीबीआई बैंक, यूनियन बैंक शामिल हैं। इस निर्गम के प्रमुख प्रबंधकों में आईसीआईसीआई सिक्योरिटीज, एक्सिस कैपिटल, एचएसबीसी और एसबीआई कैपिटल मार्केट्स शामिल हैं।

### एचएफ डीलक्स का नया वर्जन एचएफ डीलक्स प्रो लांच

**नई दिल्ली।** अपनी पॉपुलर एंट्री-लेवल बाइक एचएफ डीलक्स का नया वर्जन एचएफ डीलक्स प्रो हीरो मोटोकॉर्प ने लॉन्च कर दिया है। इसकी एक्स-शोरूम कीमत रुपए 73,500 तय की गई है। इस बाइक में आधुनिक टेक्नोलॉजी और नए जमाने के फीचर्स को शामिल किया है, जिससे यह बाइक अब पहले से ज्यादा स्टाइलिश और परफॉर्मेंस से भरपूर हो गई है। नई एचएफ डीलक्स प्रो में 97.2सीसी का सिंगल सिलेंडर एयर-कूल्ड इंजन दिया गया है, जो 7.9 बीएचपी की पावर और 8.05 एनएम टॉर्क देता है। बाइक में आईउएस टेक्नोलॉजी, लो फ्रिक्शन इंजन, एलईडी हेडलाइट, डिजिटल इंस्ट्रूमेंट क्लस्टर, लो फ्यूल इंडीकेटर, 18-इंच व्हील और एडजस्टेबल रियर सस्पेंशन जैसे फीचर्स जोड़े गए हैं। साथ ही, इसे नए ग्राफिक्स और बेहतर डिजाइन के साथ पेश किया गया है। लॉन्चिंग के मौके पर हीरो मोटोकॉर्प के चीफ बिजनेस ऑफिसर आशुतोष वर्मा ने कहा कि एचएफ डीलक्स हमेशा से भरोसेमंद और फ्यूल एफिशिएंट बाइक रही है।

## इंटेल के 25 हजार कर्मचारियों पर मंडराया छंटनी का संकट

- कर्मचारियों की संख्या में लगभग 15 फीसदी की कटौती करने की तैयारी पूरी कर ली है, जिसकी घोषणा पिछली तिमाही में की गई थी




एजेंसी

**नई दिल्ली।** कंप्यूटर चिप बनाने वाली दुनिया की दिग्गज सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) कंपनी इंटेल के कर्मचारियों की नौकरी पर संकट मंडरा रहे हैं। इंटेल इस साल के अंत तक अपने 25 हजार कर्मचारियों की छंटनी करने की तैयारी में है। इंटेल ने एक बयान में कहा कि उसने अपने कर्मचारियों की संख्या में लगभग 15 फीसदी की कटौती करने की तैयारी पूरी कर ली है, जिसकी घोषणा पिछली तिमाही में की गई थी। दरअसल, मार्च में कार्यभार संभालने के बाद इंटेल के नए सीईओ लिप-बू टैन की ओर से लिए गए शुरूआती फैसलों में ये छंटनी शामिल थी। इंटेल कंपनी पिछले कुछ समय से मुश्किल के दौर से गुजर रही है। इससे पहले इंटेल ने अप्रैल, 2025 में भी कंपनी की लागत में कटौती करने के संकेत दिए थे, जिसमें 15 फीसदी कर्मचारियों की छंटनी करने की बात कही गई थी। ऐसे में कंपनी की वापसी के लिए यह फैसला अहम है। चिप निर्माता का हवाला देते हुए एक रिपोर्ट में कहा गया है कि उसने अपने मुख्य कार्यबल में करीब 15 फीसदी की कमी लाने के लिए पिछली तिमाही में घोषित की गई अपनी नियोजित कर्मचारी संख्या की अधिकांश कार्रवाइयों को पूरा कर लिया है। इंटेल ने 2024 के अंत तक 109,800 लोगों को रोजगार दिया था, जिनमें से कंपनी ने 99,500 को 'मुख्य कर्मचारी' के रूप में वर्गीकृत किया था। हालांकि, चिप निर्माता का कहना है कि वह वर्ष के अंत तक लगभग 75 हजार मुख्य कर्मचारियों के साथ काम करना चाहता है। ऐसे में कंपनी अपने 25 हजार कर्मचारी की छंटनी करने की तैयारी में है।

### बाइक आलट्राहाइक 450 को अंतरराष्ट्रीय बाजार में पेश

**नई दिल्ली।** महंगी बाइक बनाने वाली कंपनी मोटो मोरिनी ने अपनी नई एडवेंचर बाइक आलट्राहाइक 450 को अंतरराष्ट्रीय बाजार में पेश कर दिया है। फिलहाल यूरोप में इस बाइक के लिए प्री-ऑर्डर शुरू हो चुके हैं और सितंबर 2025 से इसकी डिलीवरी भी शुरू होने की योजना है। यह दमदार बाइक सीधे तौर पर रॉयल एनफील्ड हिमालयन 450 और सीएफमोटो 450 एमटी को टक्कर देती है। हालांकि भारत में इसकी लॉन्च को लेकर कोई आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है, लेकिन मोटो मोरिनी की भारत में मौजूदा उपस्थिति इसे यहां लाने की संभावनाएं बढ़ा देती है। ब्रेकिंग के लिए दोनों पहियों में सिंगल डिस्क ब्रेक और डुअल-चैनल एबीएस की सुविधा मौजूद है।

## पृष्ठ एक के शेष....

**जाति, भाषा व क्षेत्र के....**

भारत के वीर जवानों और भारतीय सेना को पाकिस्तान को सबक सिखाने और पाकिस्तान के सभी आतंकी कैंपों को नष्ट करने में 22 मिनट भी नहीं लगे। भारत कई देशों से लड़ रहा था। एक मोर्चे पर उसे (पाकिस्तान को) तुर्की, चीन और दुनिया के अन्य देशों से मदद मिल रही थी। लेकिन इतना सब होने के बावजूद भी भारत की वीर सेना के आगे पाकिस्तान कुछ नहीं कर सका और आखिरकार उसे आत्मसमर्पण करने पर मजबूर होना पड़ा।

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि अगर हमें विकसित भारत के सपने को साकार करना है, तो हमें उन षड्यंत्रों से सावधान रहना होगा जो हमें जाति, क्षेत्र, भाषा के नाम पर बाँटने का काम करते रहे हैं। इतिहास के किसी भी कालखंड में भारत बल, बुद्धि और शिक्षा में कभी कमज़ोर नहीं रहा। लेकिन जो लोग विकसित भारत नहीं चाहते, जो लोग समर्थ भारत नहीं चाहते, जो लोग सशक्त भारत नहीं चाहते, वे जाति, क्षेत्र, भाषा के नाम पर भारत को बाँटते हैं, सामाजिक ताने-बाने को छिन्न-भिन्न करते हैं और दुश्मन को उकसाते और प्रोत्साहित करते हैं। उनकी सहानुभूति किसी गरीब के लिए नहीं है। उनकी सहानुभूति देश के लिए नहीं है। उनकी सहानुभूति उन लोगों के लिए है जो घुसपैठियों के रूप में भारत के नागरिकों के अधिकारों को लूट रहे हैं। उन्हें इस बात की चिंता नहीं है कि भारत के नागरिकों को संविधान द्वारा दिया गया वोट का अधिकार मिले या नहीं, बल्कि उन्हें इस बात की चिंता है कि एक घुसपैठिए को यह अधिकार मिले। ये वही लोग हैं, जो सत्ता में आने पर वंशवाद की राजनीति करते हैं और जातिवाद का सहारा लेकर सामाजिक ताने-बाने को नष्ट करने का भी काम करते हैं।

**नोएडा की विकास योजनाओं.....**

लेक पार्क कार्य की भी समीक्षा की गई। यहां हरित क्षेत्र विकसित करते हुए परिसर के बीच में वाटर बॉडी विकसित की जाए। पुष्पकर्णी तलाब बनाया जाए यहां देव दीवाली मनाई जाएगी। सेक्टर-151ए में निर्माणाधीन गोल्फ कोर्स में बचे कार्य के लिए अलग से टेंडर जारी किया जाए। सेक्टर-96 में निर्माणाधीन प्राधिकरण के प्रशासनिक भवन की समीक्षा के दौरान भवन में सभी लिफ्ट को पूर्णत: संचालित कराये जाने के निर्देश दिये गये। सीईओ ने प्रहरी ऐप को अंगीकृत करने के लिए कहा। बैठक के दौरान निर्माणाधीन चिल्ला एलिवेटेड रोड परियोजना के कार्य की भी समीक्षा की गई। जिसमें संज्ञानित हुआ कि परियोजना की कार्यदायी संस्था उप्र राज्य सेतु निगम लिमिटेड को नोटिस जारी किया गया। वो निम्न गुणवत्ता की स्टील का प्रयोग कर रहा था।

निर्माणाधीन भंगेल एलिवेटेड रोड के लिए भी दोबारा से टाइम एक्सटेंशन मांगा गया है। ऐसे में ठेकेदार कंपनी पर जुर्माना लगाया जाए। ड्रेनेज सिस्टम में सुधार किये जाने के लिए तथा जितने भी जल निकासी के बॉटल नेक प्याइंट है, उनमें सुधार किया जाए। आईआईटी जैसी विशेषज्ञ संस्था के माध्यम से सर्वे कराने के निर्देश दिये गये।

**नोएडा को स्वच्छता सर्वेक्षण....**

इसके लिए नोएडा प्राधिकरण के सभी अधिकारियों के अलावा सफाई निरीक्षको तथा सफाई कर्मचारियों का भी पूरा योगदान है। उन्होंने इसके लिए नोएडा के नागरिकों के योगदान करने के लिए आभार जताया। उन्होंने कहा कि अभी कई क्षेत्रों में कार्य किया जाना बाकी है जिसके लिए प्राधिकरण की समूची टीम सतत प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि सेक्टरों के अलावा अब गांव के विकास पर भी खास फोकस किया जा रहा है। 80 गांव में विकास कार्यों को तेज करने के लिए एसीईओ संजीव खत्री के नेतृत्व में एक टीम बनाई गई है जो गांवों में खास तौर पर सीवर व जलापूर्ति पर ध्यान देगी।

इस मौके पर नोएडा प्रेस क्लब के संरक्षक वीरेंद्र मलिक, अध्यक्ष मोहम्मद आजाद, महामंत्री निर्मेष त्यागी, कार्यकारी सदस्य अरुण सिन्हा, मोहम्मद इमरान, संजय शाह, राजदीप आदि पत्रकार मौजूद थे।

इसके पूर्व नोएडा प्राधिकरण के सेक्टर-6 स्थित प्रशासनिक कार्यालय के बोर्ड रूम में आयोजित इस कार्यक्रम में नोएडा प्रेस क्लब की टीम ने सीईओ डॉ. लोकेश एम, एसीईओ संजय खत्री के अलावा जन स्वास्थ्य विभाग के महाप्रबंधक एसपी सिंह, ओएसडी इंदु प्रकाश सिंह, खंड-1 के प्रभारी वरिष्ठ प्रबंधक गौरव बंसल, खंड-2 के प्रभारी वरिष्ठ प्रबंधक आरके शर्मा तथा अन्य एपीई एवं जेई को स्वच्छता में श्रेष्ठ कार्य के लिए मोमेंटो देकर सम्मानित किया है। इस दौरान नोएडा प्राधिकरण के महाप्रबंधक सिविल अशोक कुमार अरोड़ा भी मौजूद रहे।

**MSME उद्योग को बढ़ावा देने....**

और कहा कि बैंक की ऋण योजनाएं आत्मनिर्भर भारत को समर्थन देती हैं।

बैंक के AGM दिग्विजय सिंह ने बैंक की योजनाओं की जानकारी दी, जिनमें बिना बैलेंस शीट व स्टॉक स्टेटमेंट के 2 करोड़ रूपये तक का ऋण, GST बिक्री के आधार पर 10 करोड़ रूपये तक की लिमिट, 25 प्रतिशत तक लोन सुविधा शामिल है। पीएलपी प्रमुख सुमित रंजन ने एक महिला उद्यमी को 1 करोड़ रूपये का ऋण स्वीकृत कर महिला सशक्तिकरण का संदेश दिया। इस अवसर पर सीएसी प्रमुख किशोर, मुख्य प्रबंधक श्रीमती सोनिया आहूजा मृग एवं नीलकमल मौजूद थे। इस अवसर पर कुल 142.37 करोड़ रुपये की 47 नई लीड्स प्राप्त हुईं।

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य MSME इकाइयों को विभिन्न वित्तीय सेवाओं से लाभान्वित करना और बैंक तथा उद्योगों के बीच सहभागिता को सुदृढ़ करना रहा। कार्यक्रम के दौरान ग्राहकों से बहुमूल्य सुझाव भी प्राप्त किए गए। मुख्य महाप्रबंधक फिरोज़ ने आश्वस्त किया कि PNB MSME इकाइयों को पूर्ण समर्थन प्रदान करता है और यह क्षेत्र देश के विकास का आधार है। नोएडा मंडल प्रमुख महेश कुमार वाधवा ने बताया कि यह कार्यक्रम सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों को बैंक की ऋण योजनाओं से लाभान्वित करने के लिए एक सशक्त मंच प्रदान करता है।

मुख्य प्रबंधक श्रीमती सोनिया आहूजा मृग ने इस अवसर पर कहा कि ग्राहकों का विकास ही देश का विकास है। MSME इकाइयों को वित्तीय सहायता प्रदान करना बैंक की प्रमुख जिम्मेदारी है, ताकि भारत को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में सशक्त योगदान दिया जा सके। उन्होंने बताया कि रिज़र्व बैंक ऑफ इंडिया द्वारा पंजाब नेशनल बैंक को डिजिटलाइजेशन के क्षेत्र में प्रथम स्थान का पुरस्कार प्राप्त हुआ है, जो बैंक की तकनीकी दक्षता और नवाचार के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

**आइसक्रीम खाने रूका....**

मीडियाकर्मी की शिकायत पर थाना सेक्टर-24 पुलिस ने अज्ञात बदमाशों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

इसी थाना क्षेत्र के सेक्टर-12/22 के रेड लाइट पर बाइक सवार बदमाशों ने एक व्यक्ति से मोबाइल फोन छीन लिया और फरार हो गए। अट्टा गांव में रहने वाले सौरभ ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि 7 जुलाई की रात्रि को वह अपनी ड्यूटी खत्म कर अपने कमरे के लिए जा रहा था। सेक्टर-12/22 की रेड लाइट पर वह मोबाइल फोन से अपने परिजनों से बात कर रहा था। इस दौरान पीछे से बाइक पर आए दो युवकों ने उससे मोबाइल फोन छीन लिया। उसने बाइक सवारों को पकड़ने का प्रयास किया लेकिन वह फरार हो गए। पुलिस का कहना है कि शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया गया है और बदमाशों की पहचान का प्रयास किया जा रहा है इसके लिए घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरा की फुटेज को भी खंगाला जा रहा है।

# पतवाड़ी में चला प्राधिकरण का बुल्डोजर

## 15 हजार मीटर जमीन को कराया अतिक्रमण मुक्त

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के अधिकारियों के नेतृत्व में आज पतवाड़ी गांव में 15000 मीटर जमीन पर हुए अतिक्रमण को भारी पुलिस बल के मौजूदगी में हटवाया गया।



सर्वविदित हो कि ग्राम पटवाड़ी में ग्रीन बेल्ट में अतिक्रमणकरियों ने 15000 मीटर कब्जा कर रखा था। जिसकी शिकायत पर ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के जीएम एके सिंह के नेतृत्व में यह कार्रवाई आज सुबह से शुरू हुई जो दोपहर तक जारी रही। डिवीजन 3 के वरिष्ठ प्रबंधन राजेश निम ने बताया कि इस मौके पर जल सीवर एवं उद्यान विभाग के अधिकारी मौजूद रहे। कार्रवाई के समय स्थानीय थाने की भारी पुलिस बल भी तैनात रही।

## शाहदरा के महापंचायत में होगा आरपार : बलराज

**नोएडा (चेतना मंच)।** सेक्टर-142 स्थित शाहदरा गांव में



भारतीय किसान यूनियन (बलराज) के नेतृत्व में चल रहा 19 माह से धरना आज भी जारी है। किसान अपनी मांग को लेकर शाहदरा गांव में गत 19 माह से धरने पर बैठे हैं। मगर नोएडा प्राधिकरण के अधिकारी किसानों की समस्या के निस्तारण के प्रति गंभीर नहीं हैं।

बताते हैं कि शाहदरा गांव निवासी हातम भाटी एवं नवीन भाटी की पुश्तैनी जमीन काफी समय से थी जिस पर नोएडा प्राधिकरण ने 19 माह पूर्व अतिक्रमण के नाम पर वहां तोड़फोड़ कर दिया। तोड़फोड़ के विरोध में भारतीय किसान यूनियन (बलराज) के नेतृत्व में धरना शुरू हो गया। कई बार की मैराथन बैठक के बाद प्राधिकरण किसान परिवार को न्याय नहीं दे पाया।

भारतीय किसान यूनियन (बलराज) के राष्ट्रीय अध्यक्ष बलराज भाटी ने ऐलान किया है कि 30 जुलाई को धरना स्थल पर ही महापंचायत की जाएगी। इस महापंचायत में दर्जन भर से अधिक किसान संगठन के बड़े नेता हिस्सा लेंगे। उन्होंने कहा कि नोएडा प्राधिकरण की गलत नीति के कारण यह किसान परिवार काफी समय से परेशान है और न्याय की मांग को लेकर धरने पर बैठा हुआ है लेकिन अधिकारी आते हैं और आश्वासन देकर चले जाते हैं। लेकिन उसका निस्तारण नहीं हो पता है।

## प.बंगाल के निवासी ने की आत्महत्या

**नोएडा (चेतना मंच)।** शहदरा गांव में किराए पर रहने वाले एक व्यक्ति ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस को मौके से कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ है।

मूल रूप से पश्चिम बंगाल निवासी (50 वर्षीय) निमाई करमाकर अपने एक दोस्त के साथ शहदरा गांव में किराए पर रह रहा था। आज सुबह उसका शव फंदे पर लटका हुआ मिला। सूचना मिलने पर थाना सेक्टर-142 पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को फंदे से उतरवा कर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। प्रारंभिक जांच में पता चला कि निमाई करमाकर ने दो दिन पूर्व ही शहदरा गांव में किराए पर कमरा लिया था। वह अपने साथी के साथ कमरे में रह रहा था। निमाई करमाकर मजदूरी करता था। थाना प्रभारी ने बताया कि मौके से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है।

## एनआरआई सिटी आरडब्ल्यूए चुनाव का ऐलान

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** । एनआरआई सिटी डेवलपमेंट रेजिडेंट्स वेलफेयर एसोसिएशन, मेन गेट नंबर 1, परी चौक, ग्रेटर नोएडा, के चुनाव दिनांक 24 अगस्त, 2025 को आयोजित किए जाएंगे। यह जानकारी एसोसिएशन के सचिव प्रमोद अग्रवाल ने प्रेस को जारी बयान में दी।

उन्होंने बताया कि एसोसिएशन के चुनाव के बाबत यदि किसी मेम्बर को कोई आपत्ति है, तो वह इस नोटिस मुद्रण के 10 दिनों के भीतर, सचिव को लिखित रूप से दर्ज करा सकते हैं। उन्होंने बताया कि निर्धारित अवधि के बाद कोई आपत्ति स्वीकार नहीं की जाएगी। आपत्तियां व्हाट्सएप नंबर 98181 81913 पर भी दर्ज कराई जा सकती है।

एसोसिएशन के अध्यक्ष गौरव यादव ने कालोनी के निवासियों को जानकारी दी कि आरडब्ल्यूए का नवीनीकरण पांच वर्ष के लिए डिप्टी रजिस्ट्रार फ़र्म सोसाइटीज एवं चिट्स द्वारा जारी कर दिया गया है।



खास खबर

## बेंगलुरु के मशहूर रेस्त्रां के खाने में मिला कीड़ा

**बेंगलुरु।** बेंगलुरु के मशहूर रेस्त्रां द रामेश्वरम कैफे ने कहा कि कुछ लोगों ने उनके बेंगलुरु एयरपोर्ट आउटलेट पर खाने में मिलावट का झूठा नाटक किया। उन्होंने ब्रांड को बदनाम करने और पैसे वसूलने का प्रयास किया। बता दें एक ग्राहक ने आरोप लगाया था कि उसे गुरुवार को द रामेश्वरम कैफे के एयरपोर्ट आउटलेट पर परोसे गए खाने में कीड़ा मिला था। उसने अपने भोजन में कीड़े का एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर शेयर किया था, जो तेजी से वायरल हो गया। रेस्त्रां का कहना है कि यह सब उन्हें बदनाम करने की साज़िश थी। उन्होंने पुलिस को सबूत भी दिए हैं और आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग भी की है। द रामेश्वरम कैफे के मैनेजमेंट ने कहा कि पांच-सात लोगों के समूह ने हंगामा किया। उन्होंने झूठा आरोप लगाया कि परोसे गए भोजन में कीड़ा था।

## चिटफंड घोटाले पर की कार्रवाई की मांग

**देहरादून।** उत्तराखंड में लोनी अर्बन मल्टी स्टेट क्रेडिट थ्रिफ्ट कोआपरेटिव सोसाइटी चिटफंड घोटाले के आरोपितों पर कड़ी कार्रवाई की मांग को लेकर प्रदेश के बीजेपी सांसदों ने नई दिल्ली में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह से भेंट की। शाह ने आश्वस्त किया कि इस प्रकरण में आरोपियों पर कठोर कार्रवाई की जाएगी। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह से भेंट करने वालों में हरिद्वार सांसद एवं पूर्व सीएम त्रिवेंद्र सिंह रावत, गढ़वाल सांसद अनिल बलूनी, नैनीताल सांसद अजय भट्ट और टिहरी सांसद महारानी माला राज्य लक्ष्मी शाह शामिल थीं। सांसदों ने उत्तराखंड के हजारों गरीब, ग्रामीण निवेशकों की मेहनत की कमाई को ठगने वाली कंपनी एलयूसीसी के संचालकों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की मांग की। उन्होंने अनुरोध किया कि इन आरोपितों को इंटरपोल की सहायता से भारत लाकर न्याय के कटघरे में खड़ा किया जाए।

## जूही चावला ने बेटे के जन्मदिन पर लगाए 500 पौधे

**मुंबई।** बॉलीवुड की मशहूर अभिनेत्री जूही चावला न केवल अपनी फिल्मों के लिए जानी जाती हैं, बल्कि पर्यावरण संरक्षण के लिए उनके योगदान को भी खूब सराहा जाता है। अपने 57 वर्षों के जीवन में जूही ने पर्यावरण को बचाने और बेहतर बनाने के लिए कई पहल की हैं। उनकी खास आदत है कि वे अपने करीबी लोगों के जन्मदिन पर उन्हें पौधे गिफ्ट करती हैं, जिससे पर्यावरण की खुशहाली को बढ़ावा मिलता है। हाल ही में जूही चावला ने अपने बेटे अर्जुन मेहता के 22वें जन्मदिन पर 500 पेड़ लगाने का बड़ा कदम उठाया। उन्होंने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर बेटे की कुछ तस्वीरें शेयर करते हुए लिखा, जन्मदिन मुबारक हो अर्जुन!! ईश्वर आपका भला करे...आपसे प्यार करती हूं!! आपके सुखी और स्वस्थ जीवन के लिए 500 पेड़।

# स्कूल की छत गिरी, 8 बच्चों की मौत

### 60 मलबे के नीचे दबे

एजेंसी

**झालावाड़।** राजस्थान के झालावाड़ में दर्दनाक घटना सामने आई है। यहां एक स्कूल की छत गिरने से कई बच्चों के फंसे होने की आशंका है। हादसे के बाद मलबे के नीचे दबे बच्चों को बाहर निकालने का काम किया जा रहा है। वहीं 8 बच्चों मौत हो गई। सरकारी स्कूल की बिल्डिंग की छत भरभराकर गिर गई, जिससे स्कूल परिसर में अफरा-तफरी मच गई। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, स्कूल के करीब 60 बच्चे इस हादसे में मलबे के नीचे दब गए। स्थानीय ग्रामीणों ने जेसीबी की मदद से तत्काल रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया गया। इस दुर्घटना में अब तक 5 बच्चों की मौत हुई है, हालांकि



प्रशासन की ओर से अभी तक इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है। यह हादसा उस समय हुआ जब स्कूल में सुबह की प्रार्थना सभा चल रही थी। उसी दौरान अचानक बिल्डिंग की छत भरभरा कर गिर गई। कई छात्र मलबे के नीचे दब गए। झालावाड़ के पीपलोदी गांव में इस दुर्घटना के होते ही आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और बिना देर किए राहत और बचाव कार्य शुरू कर दिया। इस मामले में विधायक गोविंद रानीपुरिया का कहना है कि पीपलोदी के राजकीय उच्च माध्यमिक स्कूल में हादसे की सूचना मिली है। मैं अभी जयपुर से झालावाड़ के लिए रवाना हुआ हूं। फिलहाल राहत और बचाव कार्य चल रहा है। स्कूल का भवन जर्जर हो चुका था तो वहां के कर्मचारियों को सरकार को अवगत कराना चाहिए था। हादसे की गंभीरता को देखते हुए प्रशासन ने जेसीबी मशीनों की मदद से मलबा हटाने का कार्य शुरू किया। अभी भी कई बच्चों के मलबे में दबे होने की आशंका है। राहत कार्य युद्ध स्तर पर जारी है। मलबे से निकाले गए घायल बच्चों को मनोहरथाना के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। स्थानीय चिकित्सकों की टीम बच्चों को प्राथमिक उपचार दे रही है। कुछ गंभीर घायल बच्चों को मनोहरथाना के सरकारी अस्पताल से झालावाड़ जिला अस्पताल रेफर किया गया है। स्थानीय प्रशासन एवं पुलिस अधिकारी मौके पर मौजूद हैं। घटना को लेकर शिक्षा विभाग और जिला प्रशासन के बीच समन्वय बनाया जा रहा है ताकि किसी भी प्रकार की लापरवाही की जांच की जा सके। ग्रामीणों की मदद से रेस्क्यू ऑपरेशन में तेजी लाई जा रही है।

## भारतीयों को नौकरी देने वाली कंपनियों को धमकाने पर उतरे डोनाल्ड ट्रंप

एजेंसी



**वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप जहां दुनियाभर के देशों को टैरिफ लगाने की धमकी देते हैं वहीं वे भारतीय युवाओं को नौकरी देने वाली कंपनियों को भी धमकाने लगे हैं। हाल ही में उन्होंने एक कार्यक्रम में साफ शब्दों में चेताते हुए कहा कि, हमारी कई बड़ी प्रौद्योगिकी कंपनियों ने चीन में अपने कारखाने बनाकर, भारत में मजदूरों को नौकरी देकर और आयरलैंड में मुनाफे में कटौती करके अमेरिकी आजादी का फायदा उठाया है। इन सभी के बीच उन्होंने अपने ही देश में अपने साथी नागरिकों को बरगलाने और यहां तक कि उन पर सेंसरशिप (नियंत्रित करने) लगाने का काम किया है। राष्ट्रपति ट्रंप के कार्यकाल में, वे दिन अब लद गए हैं। ट्रंप ने चीन में कारखाने लगाने और भारत में लोगों को काम पर रखने के लिए अमेरिकी प्रौद्योगिकी कंपनियों की आलोचना की और आगाह किया कि उनके राष्ट्रपति कार्यकाल में ऐसा करने के दिन अब लद चुके हैं। ट्रंप ने यह टिप्पणी एआई शिखर सम्मेलन में की, जहां उन्होंने एआई से जुड़े तीन कार्यकारी आदेशों पर हस्ताक्षर किए। इसमें एआई के उपयोग के लिए व्हाइट हाउस की कार्य योजना भी शामिल है। उन्होंने कहा कि बहुत लंबे समय तक अमेरिका का अधिकतर प्रौद्योगिकी उद्योग कट्टरपंथी वैश्वीकरण का अनुसरण करता रहा, जिसके कारण लाखों अमेरिकी ठगा महसूस करते रहे।

# महाराष्ट्र में भारी बारिश से कई नदियां उफान पर

एजेंसी

**मुंबई।** मुंबई सहित महाराष्ट्र के कई जिलों में पिछले दो दिनों से हो रही भारी बारिश से कई जिलों में नदियां उफान पर हैं। इससे इन जिलों में जनजीवन बहुत ज्यादा प्रभावित हुआ है और लोगों को कई तरह की दिक्कतें उठानी पड़ रही है। मौसम विभाग ने मुंबई के लिए शुक्रवार को ऑरेंज अलर्ट जारी किया है और दिन भर भारी बारिश की संभावना जताई है। रायगढ़ और गोंदिया जिलों के लिए रेड अलर्ट जारी किया गया है। जिससे इन जिलों में भारी बारिश की संभावना है। भारी बारिश को देखते हुए प्रशासन सतर्क है और नागरिकों को आवश्यक काम होने पर ही घर से निकलने की अपील की है। मुंबई के कांदिवली, बोरीवली, मलाड, अंधेरी, जुईनगर, बेलापुर और वाशी



इलाकों में आज तड़के से तेज बारिश हो रही है। जिससे मुंबई के निचले इलाकों में जलभराव हो गया है और सुबह काम पर जाने वाले श्रमिकों को परेशान होना पड़ा है, लेकिन मुंबई में परिवहन व्यवस्था और लोकल ट्रेन सेवाएँ फिलहाल सुचारू रूप से चल रही हैं। साथ ही कल्याण से बदलापुर इलाके में कल रात से लगातार बारिश हो रही है। अगर बारिश की तीव्रता इसी तरह जारी रही तो पूरे इलाके में सडकों पर जलभराव होने की संभावना है। मुंबई नगर निगम द्वारा घोषित ज्वार-भाटा कार्यक्रम के अनुसार 24 से 27 जुलाई के बीच समुद्र में उच्च ज्वार आएगा। आज दोपहर 12.40 बजे समुद्र में 4.66 मीटर ऊँची लहरें उठने की संभावना है। 26 जुलाई को सबसे ऊँची लहर 4.67 मीटर ऊँची पहुँचने की संभावना है। नगर निगम प्रशासन ने नागरिकों से इस दौरान समुद्र तट पर जाने से बचने की अपील की है।
मौसम विभाग ने विदर्भ में आज पूरे दिन बारिश की चेतावनी जारी की गई है। गढ़चिरौली, चंद्रपुर, भंडारा और गोंदिया जिलों के लिए बारिश का रेड अलर्ट जारी किया गया है, जबकि नागपुर, वर्धा और अमरावती जिलों में ऑरेंज अलर्ट है। अगले 24 घंटों में विदर्भ में भारी बारिश की संभावना के चलते नागरिकों से प्रशासन के अलर्ट निदेशों का पालन करने को कहा गया है। गोंदिया जिले में कल रात से भारी बारिश हो रही है।

## पत्नी की पति ने कर दी कथित तौर पर हत्या

**बेंगलुरु।** बेंगलुरु में एक 20 वर्षीय व्यक्ति ने अपनी 22 वर्षीय गर्भवती पत्नी की कथित तौर पर हत्या कर दी। घटना बेंगलुरु के एक आवासीय इलाके में हुई और आरोपी पति शव के पास ही खाना खाता और शराब पीता रहा। इसके बाद वह मौके से फरार हो गया, लेकिन पुलिस ने आरोपी को हिरासत में ले लिया। आरोपी की पहचान शिवम (20) के रूप में हुई है, जो कुशीनगर का रहने वाला पेंटर है। उसकी पत्नी सुमना (22) तीन महीने की गर्भवती थी। दोनों ने छह महीने पहले अपने परिवारों की मर्जी के खिलाफ शादी की थी और बीते पांच महीनों से बेंगलुरु में रह रहे थे। वे पिछले पांच साल से प्रेम संबंध में थे। दोपहर को पड़ोसियों ने घर से तेज दुर्गंध आने की शिकायत की, इसके बाद पुलिस को सूचित किया गया।

## फिलीपीन में उष्णकटिबंधीय तूफान के कारण 25 लोगों की मौत



एजेंसी

**लंदन।** फिलीपीन में खराब मौसम के कारण अब तक 25 लोगों की मौत हो चुकी है और बाढ़ व भूस्खलन से प्रभावित गांवों में फंसे लोगों को निकाला जारी है। उत्तरी पर्वतीय क्षेत्र में उष्टकटिबंधीय तूफान से मौसम की स्थिति और बिगड़ गई है। तूफान को-मे ने पंगासिनान प्रांत के अग्नो कस्बे में दस्तक दी और इस दौरान 165 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चली। उत्तरपूर्व की ओर बढ़ रहा यह तूफान अब कमजोर हो रहा है और शुक्रवार सुबह इसके प्रभाव से 100 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चली। आपदा प्रतिक्रिया अधिकारियों को गत सप्ताहांत से अब तक 25 लोगों की मौत की खबरें मिली हैं, जिसमें से ज्यादातर लोगों की मौत अचानक बाढ़ आने, पेड़ उखड़ने, भूस्खलन और करंट लगने के कारण हुई है। आठ अन्य लोग लापता हैं। ह्यको-मे से किसी के हताहत होने की कोई सूचना नहीं है।

आदिवासी बहुल इलाकों में मजबूत कनेक्टिविटी की दिशा में रेल मंत्रालय का अहम कदम

# नीमच-बांसवाड़ा-दाहोद नई लाइन के लिए फाइनल सर्वेक्षण की स्वीकृति

▸ दिल्ली से मुंबई के लिए तैयार होगा एक नया रूट

एजेंसी

**नई दिल्ली।** आदिवासी बहुल इलाकों के आर्थिक और सामाजिक विकास की दिशा में रेल मंत्रालय ने अहम कदम उठाया है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने 380 किलोमीटर लंबी नीमच-बांसवाड़ा-दाहोद-नंदुरबार नई लाइन के लिए फाइनल सर्वेक्षण हेतु विस्तृत परियोजना रिपोर्ट तैयार करने की स्वीकृति प्रदान की है। इस स्वीकृति के संबंध में रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि आदिवासी बहुल बांसवाड़ा की स्वाभाविक कनेक्टिविटी दाहोद के साथ है। इसलिए डूंगरपुर-बांसवाड़ा-रतलाम प्रोजेक्ट के साथ नीमच-बांसवाड़ा-दाहोद रेल लाइन की विस्तृत परियोजना रिपोर्ट तैयार करने का निर्णय लिया गया है। इस लाइन से दिल्ली से मुंबई जाने वाली



रेलगाड़ियां के लिए आदिवासी बहुल बांसवाड़ा से होकर एक नया रूट प्राप्त होगा। यह रूट ताप्ती सेक्शन से मुंबई-दिल्ली मेन रूट को दाहोद से जोड़ने वाला सबसे छोटा रूट होगा। इससे मध्य प्रदेश, राजस्थान और गुजरात के छह शहरों को लाभ होगा। शहादा शहर को भी सर्वेक्षण के लिए इस मार्ग में शामिल किया जा सकता है, क्योंकि इस शहर की आबादी 50 हजार से अधिक है। राजस्थान का बांसवाड़ा जिला पहाड़ी क्षेत्र और खनिज संपदा से समृद्ध है, लेकिन अभी भारतीय रेल से जुड़ा नहीं है। इस क्षेत्र में मैंगनीज अयस्क, डोलोमाइट, चूना पत्थर, सोना, तांबा, क्वार्टजाइट जैसे खनिज प्रचुर मात्रा में पाए जाते हैं। इसलिए क्षेत्र से माल ढुलाई की भी प्रबल संभावना है, जिसका नीमच-बांसवाड़ा-दाहोद के छोटे मार्ग से परिवहन किया जा सकेगा। वहीं, दाहोद-अलीराजपुर-नंदुरबार एक पहाड़ी और आदिवासी क्षेत्र में स्थित है। यह ताप्ती रेल खंड से दाहोद में उच्च घनत्व नेटवर्क यानी मुंबई-नई दिल्ली मुख्य मार्ग को जोड़ने वाला छोटा मार्ग होगा। यह मार्ग विकास की मुख्यधारा से वंचित लोगों का भी उत्थान करेगा और उन्हें रेल के माध्यम से देश के बाकी हिस्सों से जोड़ेगा। इस नए रेल मार्ग से राजस्थान, मध्य प्रदेश और गुजरात के पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा। साथ ही स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर भी सृजित होंगे।

# हाथियों की सेवा समर्पित प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

एजेंसी

**जामनगर (गुजरात)।** अनंत अंबानी द्वारा संचालित भारत के प्रमुख वन्यजीव बचाव एवं संरक्षण केंद्र वनतारा ने पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के प्रोजेक्ट एलिफेंट के सहयोग से जामनगर में पाँच दिवसीय वनतारा गजराज सम्मेलन का आयोजन किया है। यह देश का अब तक का सबसे बड़ा ऐसा प्रशिक्षण कार्यक्रम है, जो हाथियों की सेवा और देखभाल को समर्पित है। सम्मेलन में 100 से अधिक महावतों और हाथी विशेषज्ञों को पारंपरिक और वैज्ञानिक दोनों प्रकार की देखभाल विधियों का प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण पूर्ण होने पर प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र प्रदान किए जाएंगे।



वनतारा के सीईओ विवान करानी ने कहा, यह सम्मेलन केवल प्रशिक्षण का मंच नहीं, बल्कि एक संवेदनशील और करुणामयी भविष्य की नींव है। हमारा उद्देश्य पारंपरिक ज्ञान और आधुनिक विज्ञान के समन्वय से हाथियों के कल्याण के लिए एक सशक्त और टिकाऊ व्यवस्था बनाना है। यह दशार्ता है कि हाथियों का संरक्षण केवल नीति और आवास तक सीमित नहीं, बल्कि उनकी देखभाल करने वालों की कुशलता और संवेदनशीलता पर भी आधारित है। यह कार्यक्रम जामनगर स्थित राधे कृष्ण टेंपल एलिफेंट वेलफेयर ट्रस्ट परिसर में आयोजित किया जा रहा है, जो वनतारा के अंतर्गत कार्यरत एक कल्याणकारी संस्था है। वनतारा में वर्तमान में 250 से अधिक हाथियों की देखभाल की जा रही है, जिनकी सेवा में 500 से अधिक प्रशिक्षित कर्मचारी कार्यरत हैं। इसके अतिरिक्त, अफ्रीकी देश कॉन्गो से वन्यजीव विशेषज्ञ एवं अधिकारी भी प्रशिक्षण के उद्देश्य से यहाँ उपस्थित हैं। अक्टूबर में राष्ट्रीय चिड़ियाघर निदेशकों (नेशनल जू डायरेक्टर्स) का सम्मेलन भी वनतारा में आयोजित किया जाएगा। ऐसे आयोजनों के माध्यम से देश-दुनिया के विशेषज्ञ, नीति निमार्ता और वन्यजीवों की सेवा में समर्पित लोग एक मंच पर आकर सहयोग, संवाद और संरक्षण कार्यों को अधिक प्रभावी रूप से आगे बढ़ा सकते हैं।

## होटलों के बाहर गुजराती में लिखे साइनबोर्ड हटाए

**मुंबई।** महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) के कार्यकताओं ने मराठी साइनबोर्ड के इस्तेमाल की मांग को लेकर मुंबई-अहमदाबाद राजमार्ग पर स्थित कई होटलों के बाहर गुजराती में लिखे साइनबोर्ड को हटा दिया। महाराष्ट्र का पालघर जिला गुजरात की सीमा से लगा हुआ है। यह प्रदर्शन राज्य के प्राथमिक विद्यालयों में हिंदी को अनिवार्य करने को लेकर उठे विवाद के तुरंत बाद शुरू हुआ। सूत्रों ने बताया कि मनसे समर्थकों ने हलोली गांव के पास होटल के बाहर गुजराती में लिखा साइनबोर्ड तोड़ दिया। उन्होंने बताया कि कई होटलों ने गुजराती में लिखे अपने बोर्ड काले कपड़े से ढक दिए हैं।

# सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन



एजेंसी

**नई दिल्ली।** कारगिल विजय दिवस से पूर्व आयोजित स्मृति समारोहों के एक भाग के रूप में, भारतीय सेना की 8वीं माउंटेन डिवीजन ने द्रास के सैंडो रियर में गौरवमयी संस्कृति नामक एक जीवंत सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में याक नृत्य, राष्ट्रीय अखंडता नृत्य और एक शानदार ड्रोन शो जैसे प्रदर्शनों के माध्यम से समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और एकता की भावना का प्रदर्शन किया गया। इस कार्यक्रम में रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ और केंद्रीय युवा मामले एवं खेल मंत्री डॉ. मनसुख मंडाविया भी उपस्थित थे, जिन्होंने सशस्त्र बलों की बहादुरी और बलिदान की सराहना की और इस रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण क्षेत्र में संस्कृति और देशभक्ति का जश्न मनाने की भारतीय सेना की पहल की सराहना की।

# ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल करने पर संजय सेठ ने पीएम मोदी को दी शुभकामनाएं

एजेंसी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 25 जुलाई 2025 को एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है, देश के केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अपनी शुभकामनाएं दी है। केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने कहा देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी



लगातार सबसे लंबे समय तक सेवा करने वाले भारत के दूसरे प्रधानमंत्री बन गए हैं, उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी (1966-1977) को पीछे छोड़ दिया है। पीएम मोदी ने अपने कार्यकाल के 4,078 दिन पूरे किए हैं, जबकि इंदिरा गांधी ने 24 जनवरी 1966 से 24 मार्च 1977 तक 4,077 दिनों तक लगातार कार्य किया था, यह उपलब्धि उनके नेतृत्व में भारत के विकास और शासन की स्थिरता का प्रतीक है। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत लगातार आगे बढ़ रहा है इनके नेतृत्व में 2047 तक विकसित भारत का संकल्प हम पूर्ण करेंगे।

# रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने की नासिक-त्र्यंबकेश्वर सिंहस्थ 2027 रेल योजनाओं की समीक्षा

एजेंसी

**नई दिल्ली।** रेल मंत्रालय ने प्रयागराज महाकुंभ की तरह ही 2027 में आयोजित होने वाले नासिक-त्र्यंबकेश्वर सिंहस्थ के लिए अग्रिम तैयारियां आरंभ कर दी हैं। केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव और राज्य मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू ने योजनाओं की गहन समीक्षा की। मध्य रेलवे के जीएम, भुसावल डिवीजन के डीआरएम और अन्य अधिकारियों ने मंत्रियों तथा रेलवे बोर्ड को इसकी योजना और कार्यान्वयन की स्थिति के बारे में जानकारी दी। रेलवे सिंहस्थ के लिए व्यापक बुनियादी ढांचे और प्रचालनगत उन्नयन का कार्य आरंभ करेगा। इसने पूरे क्षेत्र में स्टेशनों की क्षमता विस्तार के लिए एक एकीकृत योजना तैयार की है। इसका लक्ष्य नासिक सिंहस्थ 2027 के दौरान यात्रियों की सुगम आवाजाही सुनिश्चित करना है रेल मंत्री ने अधिकारियों से महाकुंभ 2025 के अनुभव से प्राप्त सर्वोत्तम कार्यप्रणालियों को अपनाने का आग्रह किया। उन्होंने अधिकारियों को नासिक के सभी निकटवर्ती स्टेशनों पर पर्याप्त सुविधाएं विकसित करने की सलाह दी। उन्होंने निर्बाध परिवहन के लिए पर्याप्त स्टेब्लिंग क्षमता की आवश्यकता पर बल दिया।अधिकारियों ने बताया कि मेला क्षेत्र के आसपास के 5 प्रमुख स्टेशनों पर यात्री यातायात का प्रबंधन किया जाएगा। ये स्टेशन हैं: नासिक रोड, देवलाली, ओढ़ा, खेरवाड़ी और कसबे सुकेणे। बुनियादी ढांचे का उन्नयन, यात्री



सुविधाओं में वृद्धिः रेलवे अधिकारियों ने चिन्हित पांचों स्टेशनों पर प्रस्तावित बुनियादी ढांचे के कार्यों और यात्री सुविधाओं का विवरण साझा किया। इन स्टेशनों पर नियोजित कार्यों की लागत 1,011 करोड़ रुपए से अधिक होने का अनुमान है।नासिक रोडः प्लेटफॉर्म-4 को दो दिशाओं वाला बनाया जाएगा। प्लेटफॉर्म-1 का विस्तार 24 कोच वाली ट्रेनों के लिए किया जाएगा। 12 मीटर चौड़ा एफओबी बनाया जाएगा। माल शेड को होल्डिंग एरिया के रूप में उपयोग करने का प्रस्ताव है। नासिक रोड पर स्टेब्लिंग लाइनें विकसित की जा रही हैं। प्लेटफॉर्म की सतह, चारदीवारी और मेला टावर का भी उन्नयन किया जाएगा। अतिरिक्त प्लेटफॉर्म बनाए जाएंगे। दो 6 मीटर चौड़े पैदल ऊपरी पुल (एफओबी) बनाए जाएंगे। उन्नत कोच और वैगन परीक्षण सुविधा केंद्रों (3 स्टेब्लिंग लाइन और 2 पिट लाइन के साथ) के निर्माण की भी योजना है। एक सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट स्थापित करने का प्रस्ताव है। लूप लाइनों वाला एक आइलैंड प्लेटफॉर्म विकसित किया जाएगा। चार 6 मीटर चौड़े एफओबी बनाए जाएंगे। लंबी दूरी की लूप लाइन और यार्ड रीमॉडलिंग की भी योजना है। 5 स्टेब्लिंग लाइनें बनाने का प्रस्ताव है। खेरवाड़ीः एक नया डाउन प्लेटफॉर्म बनाया जाएगा। दो 6 मीटर चौड़े पैदल ऊपरी पुल (एफओबी) बनाए जाएंगे। यार्ड रीमॉडलिंग का भी प्रस्ताव है।
कसबे-सुकेणेः प्लेटफार्मों का विस्तार किया जाएगा। दो 6 मीटर चौड़े पैदल ऊपरी पुल (एफओबी) बनाए जाएंगे। एक सामान्य डिस्पैच सुविधा केंद्र स्थापित किया जाएगा। उपरोक्त के अतिरिक्त, सभी पांचों स्टेशनों पर विभिन्न यात्री सुविधाओं के विकास की योजना है। इनमें कवर्ड ओवर प्लेटफॉर्म, पानी की टंकियां, नए शौचालय और वाटरप्रूफ होल्डिंग एरिया शामिल हैं। सकुर्लेटिंग एरिया, रास्ते, प्रवेश/निकास मार्ग और यात्री सूचना प्रणालियों को भी उन्नत करने की योजना है। रेलवे उपरोक्त कार्यों को 2 वर्षों की समय-सीमा के भीतर पूरा करने के लिए तत्पर है। कुल 65 प्रस्तावित कार्यों में से 33 के आकलनों को पहले ही स्वीकृत दी जा चुकी है।



खास खबर

## अगले माह होगा रोमन रेंस

**सेन डियागो ।** डब्ल्यू डब्ल्यूई में अगले महा अगस्त में रेसलर रोमन रेंस और जे उसो की टीम का मुकाबला ब्रॉन ब्रेकर और ब्रॉन्सन रीड से होगा। यह मुकाबला 2 या 3 अगस्त को समरस्लैम में होगा। पॉल हेमैन ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो पोस्ट करके इस मुकाबले के बारे में बताया है। उन्होंने रोमन रेंस और जे उसो को चेतावनी भी दी है। हेमैन ने रोमन रेंस को चेतावनी देते हुए कहा है कि यह मुकाबला उनके लिए बेहद कठिन रहेगा। हेमैन ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो पोस्ट किया। इस वीडियो में उन्होंने कहा, रोमन किसी भी दिन मुकाबला करें उससे फर्क नहीं पड़ेगा। ब्रॉन ब्रेकर और ब्रॉन्सन रीड की ओर से रोमन रेंस और जे उसो ने मुकाबले की चुनौती स्वीकार की है। रोमन ने इससे पहले हेमैन का मजाक उड़ाया था। उन्होंने कहा था कि हेमैन ने उन्हें द ट्राइबल चीफ नहीं बनाया है। रेंस ने कहा कि वह द ट्राइबल चीफ इसलिए हैं क्योंकि फैंस उन्हें अभी भी मानते हैं। इसके बाद ब्रॉन ब्रेकर ने कहा कि वह यहां के नए बिग डॉग हैं।

## पाक क्रिकेटर इमाद के तलाक की अटकलें

**लाहौर ।** पाकिस्तानी के क्रिकेटर इमाद वसीम आज खेल की जगह अपनी निजी जिंदगी को लेकर अधिक चचाओं में हैं। ये भी कहा जा रहा है कि इमाद और उनकी पत्नी सानिया अशफाक के बीच सबकुछ ठीक नहीं है और दोनो तलाक तक पहुंच गयी हैं। सानिया अशफाक के सोशल मीडिया पर किये एक पोस्ट के बाद से ही दोनो के खराब संबंधों की बात सार्वजनिक हो गयी। सानिया ने इस पोस्ट में लिखा, मौन को सहमति या फिर सबूतों की कमी नहीं माना जाना चाहिए। मैं खूब सोच-विचार करने के बाद केवल सही समय का इंतजार कर रही हूं। स्थानीय मीडिया के अनुसार हाल में इमाद को एक महिला के साथ घूमते हुए देखा गया था। जिसके बाद सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर नायला रजा का नाम भी चर्चा में आ गया। इसका एक वीडियो भी आया है। माना जा रहा है कि नायला ही इमाद के साथ थी हालांकि इस वीडियो की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।

## डॉसन की वापसी से हुआ लाभ : वॉन

**मैनचेस्टर ।** इंग्लैंड क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान माइकल वॉन ने कहा है कि बाएं हाथ के स्पिनर लियाम डॉसन को शामिल करने से टीम को एक ऑलराउंडर मिला है जिससे टीम को फायदा है। शोएब बशीर के फिट नहीं होने के कारण आठ साल के बाद डॉसन की वापसी हुई है। डॉसन ने यशस्वी जायसवाल का विकेट लेकर अपनी वापसी को सही साबित किया है। वॉन ने कहा, ह्ववह ऐसे क्रिकेटर हैं जिनसे कप्तान अच्छी गेंदबाजी, अच्छी बल्लेबाजी और अच्छी फील्डिंग की उम्मीद करता है। वह संपूर्ण पैकेज हैं जिनके टीम में रहने से इंग्लैंड को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एशेज सीरीज में भी लाभ होगा। डॉसन ने इससे पहले अपना आखिरी टेस्ट मैच 2017 में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ खेला था। उन्होंने काउंटी क्रिकेट में अच्छा प्रदर्शन करके अपनी वापसी का दावा किया था।

# मैनचेस्टर टेस्ट: इंग्लैंड की मजबूत शुरुआत

- भारत की पहली पारी 358 रन पर सिमटी
- वॉरियर बने ऋषभ पंत, डकेट और क्रॉली शतक से चूके



एजेंसी

**मैनचेस्टर।** भारत और इंग्लैंड के बीच मैनचेस्टर टेस्ट मैच के दूसरे दिन का खेल समाप्त होने तक मेजबान टीम ने 2 विकेट के नुकसान पर 225 रन बना लिए हैं। इंग्लैंड अब भी पहली पारी में भारत से 133 रन पीछे है। स्टंप्स के समय जो रूट 11 रन और ऑली पोप 20 रन बनाकर नाबाद लौटे। भारत ने दिन की शुरूआत 264/4 से की, लेकिन जल्द ही रवींद्र जडेजा (20) आउट हो गए। इसके बाद वाशिंगटन सुंदर और शार्दुल ठाकुर ने 48 रन की अहम साझेदारी की। ठाकुर ने तेज खेल दिखाया, लेकिन बेन स्टोक्स की बाहर जाती गेंद पर बल्ला अड़ाने के प्रयास में 41 रन पर आउट हो गए। सुंदर ने हालांकि धैर्यपूर्वक बल्लेबाजी की और 90 गेंदों में 27 रन बनाए, लेकिन वह भी लंबे समय तक टिक नहीं सके। टेस्ट पदार्पण अंशुल कंबोज खाता खोले बिना आउट हो गए। भारत ने आखिरी चार विकेट सिर्फ 21 रन के भीतर गंवाए और पहली पारी 358 रनों पर सिमट गई। इंग्लैंड की तरफ से कप्तान बेन स्टोक्स ने 5 विकेट झटके। जबकि जोफ्रा आर्चर को तीन विकेट मिले। वहीं, लियाम डावसन और क्रिस वोक्स को एक-एक सफलता मिली। जवाब में इंग्लैंड ने 'बैजबॉल' अंदाज में जवाब दिया। बेन डकेट और जैक क्रॉली ने भारतीय गेंदबाजों की जमकर खबर ली और पहले विकेट के लिए 166 रन की साझेदारी की। डकेट जहां 94 रन बनाकर शतक से चूक गए, वहीं क्रॉली ने 84 रन की पारी खेली। क्रॉली को रवींद्र जडेजा ने और जबकि डकेट को अंशुल कंबोज ने आउट किया। कंबोज के लिए यह उनका पहला अंतरराष्ट्रीय विकेट था। दूसरे दिन भी ऋषभ पंत सुर्खियों में रहे, जिन्होंने अंगूठे में फ्रैक्चर के बावजूद बल्लेबाजी की। उनकी जुझारू पारी ने सभी का ध्यान खींचा और टीम को सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाने में योगदान दिया। 166 रनों की ओपनिंग साझेदारी के बाद भारतीय गेंदबाजों ने वापसी की और 31 रन के भीतर दो बड़े विकेट चटकाए। अब मुकाबला संतुलन में दिखाई दे रहा है। तीसरे दिन भारत की कोशिश इंग्लैंड को कम से कम स्कोर पर रोकने की होगी, ताकि दूसरी पारी में बढ़त ली जा सके।

## ओवल टेस्ट के लिए जगदीशन को मिल सकती है भारतीय टीम में जगह

एजेंसी

**मैनचेस्टर।** ऋषभ पंत के मैनचेस्टर टेस्ट में चोटिल होकर बाहर होने के कारण विकेटकीपर बल्लेबाज एन जगदीशन को भारतीय टीम में शामिल किया जा सकता है। ऋषभ के बाहर होने के बाद ध्रुव जुरैल को विकेटकीपर की जिम्मेदारी मिली है पर उनके कवर के तौर पर जगदीशन को रखा जा सकता है। जगदीशन ओवल में होने वाले पांचवे टेस्ट में टीम के साथ जुड़ सकते है। प्राप्त जानकारी के अनुसार बीसीसीआई जल्द ही जगदीशन को टेस्ट टीम में शामिल करने की घोषणा कर सकता है। जगदीशन को अवसर इसलिए मिल रहा है क्योंकि विकेटकीपर बल्लेबाज ईशान किशन भी फिट नहीं हैं। वहीं एक अन्य विकेटकीपर-बल्लेबाज, केएस भरत इंग्लैंड में ही क्लब क्रिकेट खेल रहे हैं।



जगदीशन ने घरेलू क्रिकेट में चेन्नई की ओर से जबरदस्त प्रदर्शन किया है। घरेलू क्रिकेट में जगदीशन ने रणजी ट्रॉफी और विजय हजारे ट्रॉफी में लगातार अच्छा प्रदर्शन करके टीम में प्रवेश के लिए दावेदारी की है। जगदीशन ने प्रथम श्रेणी क्रिकेट में 47.50 की औसत से 3373 रन बनाए हैं। रणजी ट्रॉफी 2023-24 में जगदीशन ने 74.18 की औसत से 816 रन बनाए, जिसमें एक तिहरा और एक दोहरा शतक शामिल है। पिछली रणजी ट्रॉफी में, कप्तान के रूप में इस विकेटकीपर-बल्लेबाज ने 56.17 की औसत से 674 रन बनाए थे।

# तिलक वर्मा ने हैम्पशायर के लिए जड़ा शतक

एजेंसी

**नई दिल्ली।** काउंटी चैंपियनशिप डिविजन वन में भारतीय खिलाड़ियों का प्रदर्शन मिला जुला रहा। खासकर तिलक वर्मा ने बेहतरीन बल्लेबाजी करते हुए शानदार शतक लगाया । भारतीय मध्यक्रम के बल्लेबाज तिलक वर्मा ने हैम्पशायर की ओर से खेलते हुए नॉटिंघमशायर के खिलाफ शानदार शतक जड़ा।



काउंटी चैंपियनशिप

बाएं हाथ के बल्लेबाज तिलक वर्मा ने 13 चौकों और 2 छक्कों की मदद से 112 रन बनाए। उनका यह शतक हैम्पशायर को नॉटिंघमशायर के पहली पारी के 578/8 डिक्लेयर के स्कोर की ओर ले जाने में अहम साबित हुआ। वहीं, बाएं हाथ के स्पिनर आर. साई किशोर, जो सरे की ओर से खेल रहे हैं, ने यॉर्कशायर के खिलाफ एक और विकेट हासिल कर अपनी पारी पूरी की। उन्होंने 119 रन देकर 2 विकेट झटके। खलील अहमद, जो एसेक्स की ओर से खेल रहे हैं, ने ससेक्स के खिलाफ एक विकेट झटका और उनकी टीम जीत के करीब पहुंच गई है।

इस बीच, युजवेंद्र चहल का नॉर्थैम्पटनशायर की ओर से खेलते हुए मिडलसेक्स के खिलाफ मैच बेहद खराब रहा। चहल ने पहली पारी में कोई विकेट नहीं लिया और दूसरी पारी में गोल्डन डक (पहली गेंद पर आउट) होकर पवेलियन लौट गए। भारतीय खिलाड़ियों का यह प्रदर्शन दिखाता है कि वे इंग्लैंड की काउंटी क्रिकेट में भी अपनी छाप छोड़ रहे हैं, हालांकि कुछ के लिए यह चुनौतीपूर्ण भी साबित हो रही है।

# ऋषभ ने खेली साहसिक अर्धशतकीय पारी

एजेंसी

**मैनचेस्टर ।** भारतीय क्रिकेट टीम के विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत ने चोटिल होने के बाद भी इंग्लैंड के खिलाफ यहां मैनचेस्टर टेस्ट में साहसिक अर्धशतकीय पारी खेलकर प्रशंसकों को खुश कर दिया। ऋषभ पहले दिन बल्लेबाजी के दौरान गेंद लगने से चोटिल हो गये थे। इस कारण वह अपने पैर पर खड़े भी नहीं हो पा रहे थे, वहीं दूसरी दिन उन्होंने अंगूठे में फ्रैक्चर के बाद भी अपने साहस से बल्लेबाजी कर सभी को हैरत में डाल दिया। उन्होंने पूरे जोश के साथ बल्लेबाजी की। इस दौरान उनके चेहरे पर मुस्कान नजर आयी और



उन्होंने साबित कर दिया कि वह अपनी टीम के लिए पूरी लड़ाई लड़ना चाहते हैं। पहले दिन वह 37 रनों पर रिटायर्ड हर्ट हो गए थे। दूसरे दिन उन्होंने अर्धशतक लगाया और 54 रन बनाकर आउट हुए। इससे भारतीय टीम ने पहले पारी में 358 रन बनाये। वहीं इंग्लैंड की ओर से कप्तान बेन स्टोक्स ने 5 विकेट लिए। पैर में फ्रैक्चर होने के बावजूद भी पंत लगातार रन बनाकर अपनी जिम्मेदारी निभाते दिखे। पंत की हालत देखकर कोई भी यह अंदाजा नहीं लगा सकता कि वह खेल पायेंगे पर अपने जुझारु रवैये और साहस के कारण वह मैदान में उतरे।

## लिवरपूल ने फ्रैंकफर्ट के फॉरवर्ड एकिटिके को किया साइन

एजेंसी

**लंदन ।** फ्रांसीसी फॉरवर्ड ह्यूगो एकिटिके अब फुटबॉल क्लब लिवरपूल की ओर से खेलते हुए नजर आयेंगे। प्रीमियर लीग विजेता लीवरपूल ने ने आइंट्राख्ट फ्रैंकफर्ट के स्ट्राइकर एकिटिके से करार किया है। यह सौदा करीब 79 मिलियन पाउंड में हुआ। लिवरपूल ने इस फैसले की घोषणा सोशल मीडिया पर की और कहा कि उसने फ्रैंकफर्ट के फॉरवर्ड एकिटिके के ट्रांसफर के लिए एक करार किया है। क्लब ने कहा कि एकिटिके मेडिकल टेस्ट में पास हो गये हैं और लिवरपूल के साथ व्यक्तिगत शर्तों पर भी वह तैयार हैं। अब वह इस सप्ताह के अंत में एशिया के प्री-सीजन दौरे पर हांगकांग जा सकेंगे। लिवरपूल के नए मैनेजर आर्ने स्लॉट के अनुसार ये चौथा बड़ा ट्रांसफर है। इससे



पहले क्लब ने फ्लोरियन विर्ट्ज को करीब 110 मिलियन पाउंड में खरीदा था। उनके अलावा डिफेंडर मिलोस केरकेज और जरेमी फ्रिमपोंग से भी करार किया। फ्रांसीसी फॉरवर्ड ह्यूगो एकिटिके, किसी भी पोजीशन पर खेल सकते हैं। उन्होंने पिछले सीजन में 48 मैचों में 22 गोल किए और एक दर्जन से अधिक गोलों में सहायोग दिया। लिवरपूल ने इस ट्रांसफर विंडो में अब तक 250 मिलियन पाउंड से ज्यादा खर्च कर दिए हैं।

## 150 विकेट लेने वाले तीसरे गेंदबाज बने ईश सोढ़ी

**हरारे ।** न्यूजीलैंड के भारतीय मूल के स्पिनर ईश सोढ़ी ने जिम्बाब्वे के खिलाफ में में चार विकेट लेने के साथ ही टी20 में अपने 150 विकेट पूरे कर लिए। सोढ़ी टिम साउथी और राशिद खान के बाद टी20 प्रारुप में ये उपलब्धि हासिल करने वाले वह तीसरे और न्यूजीलैंड के दूसरे गेंदबाज हैं। ईश ने जिम्बाब्वे के खिलाफ मुकाबले में केवल 4 ओवर में ही 12 रन देकर 4 विकेट लिए। उनके इस शानदार प्रदर्शन से न्यूजीलैंड की टीम ने 60 रनों से मैच जीत लिया। गौरतलब है कि टी20 क्रिकेट में सबसे ज्यादा विकेट लेने का विश्व रिकॉर्ड टिम साउथी के नाम है। साउथी ने 126 मैचों में 164 विकेट लिए हैं। वहीं इस सूची में दूसरे नंबर पर अफगानिस्तान के स्टार स्पिनर राशिद खान हैं। इस कलाई स्पिनर ने केवल 96 मैचों में 161 विकेट लिए हैं।

# यश पर अब एक नाबालिग ने लगाया बलात्कार का आरोप

- इससे पहले गाजियाबाद में एक युवती ने शादी का झांसा देकर शारीरिक और मानसिक शोषण का आरोप लगाया था

एजेंसी

**मुम्बई ।** क्रिकेटर यश दयाल की मुश्किलें बढ़ती जा रही हैं। पहले ही यौन शोषण मामले में फंसे यश पर अब जयपुर में एक नाबालिग ने रेप का आरोप लगाया है। आईपीएल टीम रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के क्रिकेटर यश पर इससे पहले गाजियाबाद में एक युवती ने शादी का झांसा देकर शारीरिक और मानसिक शोषण का आरोप लगाया था। इस मामले में वह कानूनी कार्यवाही का सामना कर रहे हैं हालांकि वह अभी तक



गिरफ्तारी से बचे हुए हैं। इलाहाबाद हाई कोर्ट ने हाल ही में गाजियाबाद मामले में यश की गिरफ्तारी पर रोक लगा दी थी पर अब जयपुर में उनके खिलाफ जो मामला दायर हुआ है उससे उनका करियर भी खतरे में आ गया है। उनपर 17 साल की नाबालिग लड़की ने बलात्कार का आरोप लगाया है। एक रिपोर्ट के अनुसार, यश के खिलाफ सांगानेर सदर पुलिस स्टेशन में नाबालिग पीड़िता द्वारा बलात्कार के आरोप में एफआईआर दर्ज की गई है। रिपोर्ट में नाबालिग लड़की ने आरोप लगाया है कि यश ने पेशेवर क्रिकेट में बेहतर भविष्य का वादा करते हुए उसका दो साल तक शोषित किया। रिपोर्ट के अनुसार पीड़िता क्रिकेट के जरिये ही यश के संपर्क में आयी थी। ऐसे में यश ने उसे बेहतर क्रिकेट करियर बनाने का झांसा देते हुए दो साल तक बलात्कार किया।

रिपोर्ट में आईपीएल 2025 का भी जिक्र करते हुए कहा गया है कि यश दयाल ने जयपुर में हुए मैच के दौरान पीड़िता को एक होटल में बुलाया और उसका शोषण किया। लंबे समय तक चुप्पी, भावनात्मक ब्लैकमेल और शारीरिक और मानसिक उत्पीड़न के बाद पीड़िता ने अंत में उसके खिलाफ आधिकारिक तौर पर शिकायत दर्ज कराई है। जयपुर पुलिस ने आगे बताया कि जब बलात्कार की पहली घटना तब हुई थी जब पीड़िता 17 साल की नाबालिग थी, इसलिए यश के खिलाफ पास्को अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है। इसमें दोषी पाये जाने पर यश को लंबे समय की सजा होना तय है।

# हैंडबॉल खिलाड़ी नैना यादव चीन में मोस्ट वेल्यूबल खिलाड़ी घोषित

एजेंसी

**वाराणसी।** उत्तर प्रदेश के वाराणसी जनपद की प्रतिभाशाली हैंडबॉल खिलाड़ी नैना यादव को चीन के जिंघांगशन शहर में आयोजित 11वीं एशियन यूथ वीमेन हैंडबॉल चैंपियनशिप 2025 में बीते गुरूवार की शाम मोस्ट वेल्यूबल खिलाड़ी घोषित किया गया। नैना यादव भारतीय टीम की उप कप्तान भी हैं। इसी प्रतियोगिता में वाराणसी की कोमल राय भी हिस्सा ले रही हैं। दोनों खिलाड़ी के बेहतरीन प्रदर्शन पर उनके कोच और परिजनों ने खुशी जताई है। दोनों खिलाड़ी यहां परमानंदपुर स्थित विकास इंटर कालेज की 11वीं की छात्रा हैं।




कालेज के प्रधानाचार्य डॉ ए.के. सिंह ने यह जानकारी दी है। उन्होंने दोनों खिलाड़ियों के साथ पूरी भारतीय टीम के बेहतरीन प्रदर्शन के लिए शुभकामना दी है। दोनों खिलाड़ी यहां बाबू आरएन सिंह स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स परमानंदपुर में डॉ आशा सिंह की देखरेख में प्रशिक्षण प्राप्त करती हैं। बताते चलें गांव के बेहद गरीब परिवार की दोनों बेटियां पहली बार भारतीय महिला हैंडबॉल टीम में भागीदारी कर रही हैं। दोनों के पिता राजगीर मिस्त्री (भवन निर्माण श्रमिक) हैं, जो अपने परिवार की जिम्मेदारियों के साथ-साथ बेटियों के सपनों को साकार करने के लिए लगातार मेहनत करते रहे हैं। परिजनों के साथ साथी खिलाड़ियों को पूरी उम्मीद है कि नैना और कोमल चीन में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर देश और जिले का नाम रोशन करेंगी।

# मुझे भी लगी भी ऋषभ जैसी चोट : पोंटिंग

एजेंसी

**लंदन ।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग ने भारतीय टीम के विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत की चोट को लेकर कहा है कि वह भी ऐसी मेटास्टार्सल इंजरी का शिकार हुए थे, इसलिए ऋषभ को लेकर उन्हें चिंता हो रही है। पोंटिंग ने कहा कि ऋषभ अपना पैर भी जमीन पर नहीं रख पा रहे थे जिससे पता चलता है कि उनकी चोट कितनी गंभीर है। इंग्लैंड के खिलाफ मैच में बल्लेबाजी के दौरान क्रिस वोक्स की एक गेंद उनके पैर से लग गयी थी। जिसके बाद उन्हें एंबुलेंस से बाहर ले जान पड़ा। पोंटिंग ने कहा कि उनकी की



इंजरी ज्यादा गंभीर दिख रही थी क्योंकि वह मुश्किल से भी अपना पैर जमीन पर रख पा रहे थे। पोंटिंग ने कहा, जब तक गोल्फ कार्ट आया तब तक वह 6 से 8 मिनट तक दर्द से परेशान दिखा। तुरंत हुई सुजन भी परेशान करने वाली बात है। मुझे भी मेटास्टार्सल इंजरी हुई थी और वह बहुत छोटी और नाजुक हड्डियां में होती हैं। मेटाटार्सल या मेटाटार्सस बोन पैर के पंजे की उन 5 हड्डियों के समूह को कहते हैं जो एड़ी की हड्डी को उंगलियों और अंगूठों की हड्डियों से जोड़ती हैं। पोंटिंग ने आगे कहा, वह अपने पैर पर कोई भी वजन नहीं डाल पा रहा है जो बिल्कुल भी अच्छी बात नहीं है। अगर यह टूटी है तो वह मैच से बाहर हो जाएगा ह्न इससे उबरने में उसे करीब एक माह से अधिक लगेगा। साथ ही कहा कि इस क्रिकेट का बाहर होना भारतीय टीम के लिए बड़ा डटका है।

# प्रथम राज्यस्तरीय लिटिल चैंप्स प्रतियोगिता का भव्य उद्घाटन


## झारखंड में जन्मजात खिलाड़ी पैदा होते है, यहां आदिवासियों में तीरंदाजी एक परंपरा है : मंत्री

एजेंसी

**रांची ।** रांची के बीआइटी मेसरा में आज से प्रथम राज्यस्तरीय लिटिल चैंप्स प्रतियोगिता 2025-26 का आगाज हुआ। प्रतियोगिता का उद्घाटन शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन ने किया। उद्घाटन समारोह में झारखंड शिक्षा परियोजना निदेशक शशि रंजन, बीआईटी मेसरा के कुलपति प्रो. इंद्रनील मन्ना, राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी सह आयोजन सचिव धीरसेन सोरेंग, झारखंड ओलिंपिक संघ के महासचिव डॉ. मधुकांत पाठक, बीआईटी मेसरा के रजिस्ट्रार डॉ. सुदीप दास, झारखंड फुटबॉल संघ के महासचिव गुलाम रब्बानी, झारखंड फुटबॉल संघ के समन्वयक आशीष बोस, सामाजिक कार्यकर्ता सोमेश सोरेन, मंत्री के आप्त सचिव अजय कुमार सिन्हा, सामाजिक कार्यकर्ता सोनाराम सोरेन समेत खेल कोषांग के अन्य पदाधिकारी शामिल हुए। उद्घाटन समारोह में कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय, कांके की छात्राओं ने मनमोहक प्रस्तुति दी। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने समारोह में समा बांध दिया। झारखंड पहला राज्य है, जहां कक्षा 3 से 5 तक के बच्चो के लिए राज्यस्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। इस ऐतिहासिक प्रतियोगिता में राज्य के 576 नन्हे खिलाड़ी भाग ले रहे है। यह नन्हे खिलाड़ी विद्यालय, फिर प्रखंड और जिलास्तर पर विजयी होकर प्रमंडलीय टीम में चयनित हुए है। मंच संचालन जय होरो और चंद्रदेव सिंह ने किया। उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए




मंत्री रामदास सोरेन ने कहा कि सरकार की खेल नीति के तहत सभी जिलों में खेल प्रभारियों की नियुक्ति की गयी है। ऐसे अभिभावक भी प्रशंसा के पात्र है, जिन्होंने अपने बच्चो को पढ़ाई के साथ साथ खेल में भी आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया है। हमारी सरकार की सोच है कि आज हम शिक्षा के साथ साथ खेल और संस्कृति को भी व्यवहार में शामिल करे। केवल शिक्षा से ही पूर्ण रूप से भविष्य को उज्जवल नहीं कर सकते है, शिक्षा के साथ शारीरिक और मानसिक विकास भी होना आवश्यक है। उज्जवल भविष्य की शुरूआत बच्चो से ही होती है। माननीय मंत्री ने कहा कि फुटबॉल झारखंड का लोकप्रिय खेल है। यहाँ के गांव देहात में बच्चे कपड़ो का फुटबॉल बनाते है। पढ़ाई से फुर्सत निकालकर बच्चे मैदानों में फुटबॉल खेलते है। झारखंड में जन्मजात खिलाड़ी पैदा होते है। क्रिकेट, हॉकी, फुटबॉल और तीरंदाजी इसका उदाहरण है। तीरंदाजी में तो झारखंड का कोई जवाब नहीं है, राज्य के घर घर में आदिवासी शिकार खेलने जाते है। तीरंदाजी यहां के आदिवासियों की परंपरा है। माननीय मुख्यमंत्री ने शिक्षा के साथ हुनर को बढ़ावा देने का कार्य किया है, जिससे बच्चे +2 के बाद स्वरोजगार भी कर सकते है। समारोह को संबोधित करते हुए झारखंड शिक्षा परियोजना निदेशक शशि रंजन ने कहा कि प्रथम राज्यस्तरीय लिटिल चैंप्स प्रतियोगिता मंत्री के मार्गदर्शन में हो रहा है। झारखंड में शिक्षा में लगातार नवाचार हो रहा है। लिटिल चैंप्स प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य बच्चो को कम उम्र में ही खेल भावना के साथ जोड़ना है, आज अंतराष्ट्रीय स्तर के सफलतम खिलाड़ियों ने भी छोटी उम्र से ही खेल प्रशिक्षण प्राप्त किया है। प्राइमरी स्कूलों के बच्चो के लिए अबतक ऐसी कोई प्रतियोगिता नहीं होती थी। मगर अब झारखंड ने लिटिल चैंप्स प्रतियोगिता का आयोजन कर शिक्षा को खेल के साथ जोड़ने की अनूठी मिसाल पेश की है। समारोह को संबोधित करते हुए बीआईटी मेसरा के कुलपति प्रो. इंद्रनील मन्ना ने कहा कि अंडर 12 फुटबॉल टूर्नामेंट पहली बार झारखंड में हो रहा है। झारखंड इतिहास रचने जा रहा है।



सिंगापुर में स्पेन के अल्वारो ग्रेनडोस वाटरपोलो मुकाबले में भाग लेते हुए।




# करण वीर मेहरा को मिलेगा डॉन 3 में विलेन का रोल!

अभिनेता और बिग बॉस 18 के विजेता करण वीर मेहरा को मशहूर निर्माता कंपनी एक्सेल एंटरटेनमेंट के ऑफिस के बाहर देखा गया। खबर है कि करण को आने वाली फिल्म डॉन 3 में खलनायक की भूमिका में लेने के लिए विचार किया जा रहा है। यह रोल पहले विक्रांत मैसी निभाने वाले थे, लेकिन उनके फिल्म से बाहर होने के बाद यह मौका करण को मिल सकता है। इंडस्ट्री के एक करीबी सूत्र ने बताया, हालांकि अभी तक कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है, लेकिन हाल ही में फिल्म सिला से उनका फर्स्ट लुक सामने आया, जिसे लोगों ने काफी पसंद किया। ऐसे में उन्हें डॉन 3 में विलेन रोल के लिए अप्रोच किया जा सकता है।

फरहान अख्तर निर्देशित डॉन 3 इस लोकप्रिय एक्शन फ्रेंचाइजी की तीसरी फिल्म है। इस फिल्म के रिलीज की संभावना दिसंबर 2026 तक है। यह फ्रैंचाइजी 1978 में बनी अमिताभ बच्चन स्टारर फिल्म डॉन से शुरू हुई थी। इसके बाद 2011 में इसके रीमेक डॉन - द चेज़ बिगिन्स में शाहरुख खान लीड एक्टर के तौर पर नजर आए।

वर्कफ्रंट की बात करें तो करण वर्तमान में मैरी कॉम और सरबजीत जैसी दमदार फिल्मों के लिए मशहूर डायरेक्टर उमंग कुमार निर्देशित सिला की शूटिंग में व्यस्त हैं। इस फिल्म में वह जहराक नाम के विलेन का खतरनाक किरदार निभा रहे हैं। करण वीर ने सोशल मीडिया पर अपना फर्स्ट लुक शेयर किया था, जिसमें वह खून से लथपथ, लंबे उलझे बाल और हाथ में तलवार लिए नजर आए। इस लुक को शेयर करते हुए उन्होंने कैप्शन में लिखा, खुद ही खुदा, खुद ही इंसाफ! इस फिल्म में हर्षवर्धन राणे और सादिया खतीब भी अहम भूमिकाओं में हैं। बता दें कि सादिया फिल्म रक्षा बंधन में अभिनेता अक्षय कुमार के साथ काम कर चुकी हैं। उन्होंने फिल्म में अक्षय की बहन की भूमिका निभाई थी।

सिला को जी स्टूडियोज की ओर से दिखाया जायेगा। इसे ब्लू लोटस पिक्चर्स और स्टार्क एंटरटेनमेंट के बैनर तले बनाया जा रहा है। साथ ही इनोवेशन्स इंडिया भी इस फिल्म में जुड़ा है। डॉन 3 में करण वीर मेहरा की एंट्री दर्शकों के लिए एक नया रोमांच लेकर आ सकती है। फैंस फिल्म से जुड़ी आधिकारिक घोषणाओं का इंतजार बेसब्री से कर रहे हैं।



# राणा नायडू के पहले सीजन में अदिति हुई थीं रिजेक्ट, दूसरे में बनीं स्टंट वुमन

एक्ट्रेस अदिति शेट्टी इन दिनों वेब सीरीज राणा नायडू के सीजन 2 में नजर आ रही हैं। इसमें उन्होंने तसनीम का किरदार निभाया है, जो एक शक्तिशाली महिला का रोल है। आदिति ने बातचीत के दौरान बताया कि इस किरदार को निभाने के लिए उन्होंने क्या-क्या तैयारी की।

**वेब सीरीज राणा नायडू में काम करने का अनुभव कैसा रहा?**

राणा नायडू वेब सीरीज में काम करने का अनुभव मेरे लिए बेहद खास और यादगार रहा। यह मेरे लिए किसी आशीर्वाद से कम नहीं था। पूरी टीम बहुत ही अच्छी और प्रोफेशनल है। अगर कलाकारों की बात करूं तो राणा दग्गुबाती, सुशांत सिंह, अर्जुन रामपाल और अभिषेक बनर्जी जैसे शानदार अभिनेताओं के साथ काम करना मेरे लिए एक बहुत बड़ी बात थी। मैंने इन सभी से बहुत कुछ सीखा। कुल मिलाकर मेरा अनुभव बहुत ही अच्छा था।

**तसनीम का किरदार आपकी रियल लाइफ पर्सनैलिटी से कितना मेल खाता है या फिर कितना अलग है?**

आदिति और तसनीम एक-दूसरे से काफी अलग हैं। मैं असल जिंदगी में बहुत तेज-तेज और जल्दबाजी में बोलने वाली हूं, जबकि तसनीम बहुत ठहरकर, सोच-समझकर बात करती है। जब तसनीम कुछ कहती है, तो लोग उसे ध्यान से सुनते हैं। तसनीम बहुत मुंहफट और स्ट्रेट फॉरवर्ड है। उसे पता है कि अपना काम दूसरों से कैसे निकलवाना है और वह किसी के सामने झुकती नहीं। जबकि मैं असल जिंदगी में थोड़ी अलग हूं।

**अपने किरदार के बारे में क्या कहेंगी?**

इस सीरीज में मैं तसनीम का किरदार निभा रही हूं, जो एक स्टंट वुमन है। यह किरदार एक बहुत ही मजबूत और आत्मनिर्भर महिला का है। तसनीम राणा के वर्ल्ड में उन चुनिंदा महिलाओं में से एक है जो किसी के सामने भी डटकर खड़ी हो सकती है और जो अपने हक के लिए लड़ सकती है। मुझे यह किरदार इसीलिए भी खास लगा क्योंकि यह न केवल फिजिकली स्ट्रॉन्ग है, बल्कि इमोशनली भी बहुत ग्राउंडेड है। एक और खूबसूरत पहलू यह है कि मेरे और अभिषेक बनर्जी के किरदार के बीच एक बेहद प्यारी लव स्टोरी भी दिखाई गई है। जहां पूरी सीरीज में एक्शन और इंटेंस ड्रामा है, वहीं यह लव स्टोरी दर्शकों को एक इमोशनल कनेक्शन भी देती है, जो आज के समय में बहुत कम देखने को मिलती हैं।

**राणा दग्गुबाती के साथ एक्शन सीन करते समय आपको कितनी नर्वसनेस हुई? क्या कोई मोटिवेशन मिला?**

जब मुझे पता चला कि मेरा राणा दग्गुबाती सर के साथ वन-ऑन-वन एक्शन सीन है, तो मैं बहुत खुश थी, लेकिन उतनी ही नर्वस भी। मन में कई सवाल थे। कैसे करूंगी, क्या ठीक से कर पाऊंगी। लेकिन जैसे ही मैं सेट पर पहुंची, सब कुछ अपने आप ही आसान हो गया। राणा सर ने माहौल इतना नॉर्मल बना दिया था कि नर्वसनेस धीरे-धीरे खत्म हो गई। वो सेट पर बहुत शांत और सहयोगी थे। उन्होंने कभी मुझे ऐसा महसूस नहीं होने दिया कि मैं नई हूं या कुछ गलत कर रही हूं।

**आपको पहले सीजन में रिजेक्शन मिला। अब जब आप दूसरे सीजन का हिस्सा हैं, तो कैसा लग रहा है?**

देखिए, रिजेक्शन किसी को भी अच्छा नहीं लगता मुझे भी नहीं लगा था। हां, थोड़ी निराशा जरूर हुई थी, क्योंकि मैं पहले सीजन का हिस्सा बनना चाहती थी। लेकिन मैं ये भी समझती हूं कि हर ऑडिशन में सिलेक्शन नहीं होता। ये प्रोसेस का हिस्सा है और इससे सीख मिलती है। जब मुझे पता चला कि इसका दूसरा सीजन आ रहा है, तो मैं बिना किसी झिझक के फिर से ऑडिशन देने पहुंच गई। इस बार मेरा सिलेक्शन हुआ और मुझे एक बेहतरीन किरदार निभाने का मौका मिला।



# राम नहीं, रावण के नजरिए से बनेगी रामायण, आलिया निभाएंगी सीता का रोल?



फिल्म निर्माता नितेश तिवारी ने अपनी फिल्म रामायण का एलान कर दिया है। यह फिल्म दो भागों में रिलीज होने वाली है। इस पर अभी काम चल रहा है। अभिनेता विष्णु मांचू ने भी हाल ही में खुलासा किया है कि उनके पास भी एक स्क्रिप्ट तैयार है। लेकिन, रामायण का उनका संस्करण रावण के जीवन पर केंद्रित है। बातचीत में विष्णु मांचू से पूछा गया कि वह कहानी के हिसाब से किसे कास्ट करेंगे। इस पर उन्होंने कहा भगवान राम की भूमिका के लिए मेरे दिमाग में सबसे पहले अभिनेता सूर्या का नाम आता है। सीता की भूमिका के लिए, उन्होंने आलिया भट्ट को चुना।

**स्क्रिप्ट तैयार है लेकिन किरदार नहीं हैं**

उन्होंने खुलासा किया मेरे पास रावण के बारे में एक स्क्रिप्ट पहले से ही है। इसमें उनके जन्म से लेकर मृत्यु तक की कहानी है। उसी के लिए, मैंने 2009 में सूर्या से राम का किरदार निभाने के लिए संपर्क किया था। हालांकि बजट मेरे हिसाब से ठीक नहीं था, इसलिए बात नहीं बन पाई। फिल्म का निर्देशन राघवेंद्र राव करने वाले थे। मेरे पिता रावण का किरदार निभाने वाले थे। मेरे पास इसकी स्क्रिप्ट और संवाद तैयार हैं, लेकिन मुझे नहीं पता कि मैं कभी इसे निभा पाऊंगा या नहीं।



# क्या तारा सुतारिया ने वीर पहाड़िया के साथ रिलेशनशिप किया कन्फर्म?

बॉलीवुड एक्ट्रेस तारा सुतारिया एक बार फिर अपने रिलेशनशिप स्टेटस को लेकर सुर्खियों में हैं। तारा और वीर पहाड़िया के बीच की नजदीकियां एक बार फिर चर्चा का विषय बन गई हैं। अब वीर का एक कमेंट दोनों के बीच डेटिंग की अफवाहों को हवा दे रहा है। दरअसल एक दिन पहले तारा सुताारिया ने पंजाबी सिंगर एपी ढिल्लों के साथ एक तस्वीर शेयर की हैं, जिस पर वीर पहाड़िया ने एक प्यारा सा कमेंट किया। तारा के लेटेस्ट पोस्ट पर वीर ने 'माय लव' लिखते हुए कमेंट किया, जिसके जवाब में तारा ने रिप्लाई देते हुए 'माइन' लिखा। दोनों के बीच इस बातचीत को देखकर फैंस को ये समझने में ज्यादा देर नहीं लगी कि दोनों शायद अपने रिलेशनशिप की तरफ इशारा कर रहे हैं। कई लोगों ने तो ये भी कहा कि अब फाइनली दोनों ने अपने रिश्ते को पब्लिकली एक्सेप्ट कर लिया है।

**तारा का एपी के साथ नया गाना**

तारा सुतारिया की ये पोस्ट उनके नए गाने 'थोड़ी सी दारू' से जुड़ी थी, जिसमें वो एपी ढिल्लों के साथ नजर आ रही हैं। फोटोशूट की इन रोमांटिक तस्वीरों को जहां कई फैंस ने पसंद किया, वहीं वीर पहाड़िया के कमेंट ने सबका ध्यान खींच लिया। वीर के प्यार भरे कमेंट पर तारा के जवाब ने भी फैंस का ध्यान खींचा।

**दोनों के बीच डेटिंग की अटकलें**


गौरतलब है कि तारा और वीर को कुछ समय पहले मुंबई के एक स्पेनिश रेस्टोरेंट से साथ निकलते हुए स्पॉट किया गया था। तभी से दोनों के बीच रिलेशनशिप की अटकलें तेज हो गई थीं। पहले तारा का नाम एपी ढिल्लों के साथ भी जुड़ा था, लेकिन अब सोशल मीडिया पर वीर पहाड़िया के साथ उनके इस मोमेंट ने काफी कुछ साफ कर दिया है।



# मिट्टी में मेरा किरदार राघव बिल्कुल मेरे जैसा है



एक्टर इश्वाक सिंह इन दिनों वेब सीरीज मिट्टी में राघव का किरदार निभाने को लेकर चर्चाओं में हैं। उन्होंने कहा कि उन्हें असल जिंदगी और शो में अपने किरदार की कहानी के बीच कुछ समानताएं महसूस होती हैं। जब इश्वाक सिंह से पूछा गया कि राघव का किरदार उनके लिए इतना खास क्यों है, तो उन्होंने कहा कि राघव की कहानी में कई बातें ऐसी थीं, जो उन्हें अपनी जिंदगी से मिलती-जुलती लगीं। सबसे पहली और अहम बात जो उन्हें राघव से जोड़ती है, वो है उनका अपने गांव और परिवार से गहरा जुड़ाव। उन्होंने शो के बारे में कहा, जब मैंने मिट्टी की कहानी पढ़ी, तो यह मेरे दिल को छू गई। ऐसी कहानियां बहुत कम मिलती हैं, जो व्यक्तिगत भी हों और सबके लिए मायने भी रखें। मिट्टी की कहानी इंसान और उसके गांव के बीच खास रिश्ते पर आधारित है। सीरीज की कहानी राघव के इर्द-गिर्द घूमती है। वह एक बड़े शहर में काम करने वाला सफल एडवरटाइजिंग एग्जीक्यूटिव है। शो में दिलचस्प मोड़ तब आता है, जब वह अपने दादाजी के लिए गांव लौटता है।



# सिनेमा के रखवाले अपने ही एक फिल्म फेस्टिवल को जीवित रखने में नाकाम

**फिल्म निर्माता हंसल मेहता ने मामी मुंबई फिल्म फेस्टिवल 2025 के रद्द होने पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए इसे एक क्रूर विडंबना बताया कि सिनेमा के रखवाले अपने ही एक फिल्म फेस्टिवल को जीवित रखने में नाकाम रहे।**

निर्माता ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, यह कितनी अजीब विडंबना है कि भारत की आर्थिक और फिल्मी राजधानी मुंबई, जो अपनी चकाचौंध के लिए जानी जाती है, खुद अपना एक फिल्म समारोह भी कायम नहीं रख पाई। सिनेमा के तथाकथित रखवाले, जो सिर्फ चमक-दमक वाले मंचों और सुरक्षित दांवों की तलाश में रहते हैं, उन्होंने इसे कुछ जुनूनी लोगों के भरोसे छोड़ दिया, न कोई समारोह है, न कोई गुस्सा। बस एक धीमी, खामोश, गुमनामी। जिसे हमारी संस्कृति का एक मजबूत स्तंभ होना चाहिए था, वह अब बस एक फुटनोट बनकर रह गया है। प्रगति के नाम पर उपेक्षा का एक और शिकार। मामी मुंबई फिल्म फेस्टिवल लगभग तीन दशकों से फिल्म जगत में एक प्रमुख स्थान रखता है। हालांकि, आयोजकों ने सोमवार को सोशल मीडिया पर पोस्ट साझा कर इस साल के महोत्सव के रद्द होने की जानकारी दी। महोत्सव के निर्देशक शिवेंद्र सिंह डूंगरपुर ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट शेयर किया था, जिसमें उन्होंने लिखा, आपको सूचित करता हूं कि मामी मुंबई फिल्म महोत्सव 2025 का संस्करण इस साल आयोजित नहीं किया जाएगा। हम एक महोत्सव को नई टीम के साथ नया रूप देने की प्रक्रिया में हैं, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि यह महोत्सव भारत और दुनियाभर के सर्वश्रेष्ठ स्वतंत्र, क्षेत्रीय और क्लासिक सिनेमा के एक प्रमुख प्रदर्शन के रूप में लौटे। हालांकि, उन्होंने यह भी कहा कि वे अगले साल महोत्सव के एक नए संस्करण के साथ वापस आएंगे। उन्होंने आगे कहा, हम महोत्सव को पुनर्निर्धारित करने के लिए पूरी लगन से काम कर रहे हैं और 2026 संस्करण की नई तारीखों की घोषणा जल्द से जल्द करेंगे।

# सारा अली खान के साथ अपनी केमिस्ट्री पर आदित्य रॉय कपूर का खुलासा

आदित्य रॉय कपूर अपनी नई फिल्म मेट्रो इन दिनों की सफलता से खुश हैं। हाल ही में उन्होंने अपनी सह-कलाकार सारा अली खान के साथ अपनी दोस्ती और फिल्म की शूटिंग और प्रमोशन के अनुभव को शेयर किया। बातचीत के दौरान आदित्य ने बताया कि उनकी और सारा की केमिस्ट्री स्वाभाविक है। उन्होंने कहा, केमिस्ट्री बनाना संभव नहीं है, यह अपने आप बनती है। अच्छी कहानी और निर्देशक इसमें मदद करते हैं। उन्होंने आगे कहा, हम पहले एक-दूसरे को ज्यादा नहीं जानते थे। सामाजिक तौर पर थोड़ा-बहुत परिचय था, लेकिन फिल्म के सेट और प्रमोशन के दौरान हमने एक-दूसरे को बेहतर समझा। प्रमोशन के समय हमने साथ में ज्यादा वक्त बिताया और एक-दूसरे के बारे में बहुत कुछ सीखा।

**आदित्य ने थिएटर और ओटीटी को किया कंपेयर**

आदित्य को थिएटर और ओटीटी दोनों में काम करना पसंद है, लेकिन थिएटर में फिल्म रिलीज होने का रोमांच अलग है। उन्होंने कहा, निर्देशक अनुराग बसु के साथ काम करना शानदार रहा। लूडो के बाद इस फिल्म में उनके साथ फिर से काम करना रोमांचक था। उन्होंने बताया कि थिएटर में फिल्म का प्रदर्शन सभी के लिए महत्वपूर्ण होता है, लेकिन आखिर में फिल्म का आनंद ही सबसे जरूरी है। ओटीटी पर रिलीज होने वाली फिल्मों में थोड़ा ज्यादा आराम मिलता है, लेकिन थिएटर का अनुभव अनोखा है।



# ग्रेनो के चार गांवों में सीवर की समस्या होगी दूर

## गांवों को मेन सीवर लाइन से जोड़ने का कार्य शुरू

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** ग्रेटर नोएडा के अंतर्गत सैनी ,सुनपुरा ,वैदपुरा और सादुल्ला पुर गांव में सीवर की समस्या का स्थाई रूप से हल करने के लिए प्राधिकरण ने कार्य शुरू कर दिया है। इन गांवों को मेन सीवर लाइन से जोड़ा जाएगा। यह कार्य विगत माह से शुरू हो गया है। दिसंबर 2026 में इसे पूरा करने का लक्ष्य है। मेन सीवर लाइन से जुड़ने के बाद इन गांवों में सीवर की समस्या का स्थाई समाधान हो जाएगा।





दरअसल, सैनी ,सुनपुरा ,वैदपुरा और सादुल्लापुर गांव से सीवर की समस्या सामने आती रहती है। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार ने इसके स्थायी समाधान करने के निर्देश दिए हैं। परियोजना विभाग के वर्क सर्किल-दो की तरफ से इन गांवों को 130 मीटर रोड से गुजर रही मेन सीवर लाइन से जोड़ा जा रहा है। वर्क सर्किल दो के वरिष्ठ प्रबंधक नरोत्तम सिंह ने बताया कि इस कार्य की टेंडर प्रक्रिया पूरी कर निर्माण शुरू करा दिया है। इस पर लगभग 5.37 करोड़ रुपये खर्च होंगे। यह कार्य विगत माह ही शुरू हो गया है और दिसंबर 2026 तक पूरा करने का लक्ष्य है।

ग्रेटर नोएडा की एसीईओ प्रेरणा सिंह ने बताया कि सैनी, सुनपुरा, वैदपुरा और सादुल्लापुर की आंतरिक सीवर लाइन को मुख्य सीवर लाइन से जोड़ने देने से गांववासियों को आने वाले समय में बड़ी राहत मिल जाएगी।

इस परियोजना के पूर्ण होने के बाद ओवरफ्लो की समस्या खत्म हो जाएगी। इससे न सिर्फ रास्तों पर गंदा पानी भरने की परेशानी खत्म होगी, बल्कि गांव का वातावरण भी अधिक स्वच्छ और स्वास्थ्यवर्धक हो सकेगा।

# एनआरसी में बच्चों की देखभल में लापरवाही पर चेतावनी



**नोएडा (चेतना मंच)।** जिला कार्यक्रम अधिकारी पूनम तिवारी के नेतृत्व में बाल विकास परियोजना अधिकारी ब्लॉक दनकौर डॉ. संध्या सोनी द्वारा जिला अस्पताल सेक्टर 39 नोएडा में स्थित पोषण पुनर्वास केंद्र (एनआरसी) का स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने बच्चों की स्वास्थ्य स्थिति, पोषण स्तर, उपचार व्यवस्था तथा स्टाफ की कार्यप्रणाली की गहन समीक्षा की।

बाल विकास परियोजना अधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि बच्चों की देखभाल में किसी भी प्रकार की लापरवाही न की जाए। उन्होंने बताया कि वर्तमान में एनआरसी में डॉ. शालिनी त्रिपाठी (चिकित्सक), सचिन मलिक (आहार विशेषज्ञ) एवं बलबीर सैनी (स्टाफ नर्स) की देखरेख में कुल 9 बच्चों का उपचार किया जा रहा था, जिनमें से 1 बच्चे को आज स्वस्थ होने के बाद डिस्चार्ज कर दिया गया है। अब कुल 8 बच्चों का इलाज जारी है।

इस दौरान चिकित्सकों द्वारा यह भी अवगत कराया गया कि आंगनबाड़ी एवं आशा कार्यकर्ताओं द्वारा बच्चों को नियमित रूप से एनआरसी नहीं लाया जा रहा है, जिससे समय पर कुपोषण की पहचान व उपचार में बाधा उत्पन्न हो रही है।

इस पर सीडीपीओ डॉ. सोनी ने सख्त रुख अपनाते हुए निर्देश दिए कि सभी कुपोषित बच्चों की शीघ्र पहचान कर उन्हें समय पर एनआरसी में भर्ती कराया जाए। यह कार्य आपकी प्राथमिक जिम्मेदारी है एवं लापरवाही की स्थिति में संबंधित कार्यकर्ताओं के विरुद्ध कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

# सीइटीए हस्तशिल्प उद्योग के लिए ऐतिहासिक समझौता : डॉ. राकेश कुमार

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** भारत और यूनाइटेड किंगडम के बीच व्यापक आर्थिक और व्यापार



समझौते (सीईटीए) पर हस्ताक्षर भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में द्विपक्षीय आर्थिक संबंधों को मज़बूत करने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है। इस समझौते के तहत ब्रिटेन को किए जाने वाले लगभग सभी भारतीय हस्तशिल्प निर्यातों पर शुल्क समाप्त हो गया है, जिससे दुनिया के सबसे आकर्षक बाजारों में से एक हस्तशिल्प के भारतीय निर्यातकों को लाभ होगा।

ईपीसीएच के महानिदेशक की भूमिका में मुख्य संरक्षक और आईईएमएल के अध्यक्ष डॉ. राकेश कुमार ने इस समझौते का स्वागत करते हुए कहा है कि शुल्क हटाकर और अनुपालन को सरल बनाकर, सीईटीए हमारे निर्यातकों को यूके के बाजार में प्रभावी ढंग से प्रतिस्पर्धा करने के लिए सशक्त बनाता है। इस समझौते से भारत के द्विपक्षीय व्यापार को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है, जो वर्तमान में 23 बिलियन डॉलर है, जिसमें कपड़ा और हस्तशिल्प क्षेत्र का योगदान केवल 2.12 बिलियन डॉलर है। यह भी अनुमान है कि कार्यान्वयन के पहले दो वर्षों के भीतर हम हस्तशिल्प निर्यात में भारी उछाल देख सकते हैं।

ईपीसीएच के अध्यक्ष डॉ. नीरज खन्ना ने कहा कि सीईटीए समझौते का भारत के हस्तशिल्प क्षेत्र पर एक परिवर्तनकारी प्रभाव पड़ेगा और यह यूके के उच्च-मूल्य वाले हस्तशिल्प खंड में भारत की उपस्थिति को नए सिरे से परिभाषित करेगा। अब शून्य शुल्क होने से जो पहले 15 प्रतिशत तक था, भारतीय निर्यातकों को बांग्लादेश, पाकिस्तान, थाईलैंड, वियतनाम और चीन जैसे प्रतिस्पर्धियों के साथ समान अवसर प्राप्त होंगे,।

उन्होंने आगे कहा कि इस समझौते से श्रम-प्रधान और पारंपरिक क्षेत्रों को लाभ होने की उम्मीद है, जिनमें हस्तनिर्मित कालीन, लकड़ी के सामान, कढ़ाई वाले सामान, कलात्मक धातु के सामान और नकली आभूषण शामिल हैं। इन क्षेत्रों में मांग में वृद्धि होने की संभावना है।

# राजकीय नर्सिस संघ के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों की घोषणा

**नोएडा (चेतना मंच)।** गौतमबुद्धनगर जिला अस्पताल में राजकीय नर्सिस संघ के चुनाव संपन्न हुए। चुनाव प्रक्रिया में राज्य अध्यक्ष शेरली भंडारी, राज्य उपाध्यक्ष कौशल्या गौतम, मंडल अध्यक्ष बबीता गोस्वामी, राज्य सचिव पवन मिश्रा तथा जिला अध्यक्ष की उपस्थिति रही। चुनाव में वरिष्ठ सलाहकार कीर्ति गुप्ता एवं रेनू रेबेका, अध्यक्ष नीरज सिंह, सचिव अशीमा रॉबर्ट, कोषाध्यक्ष प्रियंका शर्मा, संयुक्त सचिव नेहा पंचाल, उपाध्यक्ष अनुग्रह प्रशांत कुमार, संयुक्त कोषाध्यक्ष जसप्रीत कौर, मीडिया प्रभारी रेशमी सिंह, ऑडिटर सजना सुरेश राय, उप सचिव कैलाश कुड़ी का चयन हुआ।



# जिम्स अस्पताल में आग से सुरक्षा के लिए मॉक ड्रिल

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** ग्रेटर नोएडा स्थित राजकीय आयुर्विज्ञान संस्थान (जिम्स अस्पताल) में अग्निशमन विभाग द्वारा फायर फाइटिंग संबंधी मॉक ड्रिल कराई गई। मॉक ड्रिल के दौरान अस्पताल के कर्मचारियों को अग्निशमन सुरक्षा व उपाय के बारे में जानकारी दी गई।

ईकोटेक 1 के अग्निशमन अधिकारी जितेंद्र कुमार के नेतृत्व में एक टीम अस्पताल पहुंची। टीम में शामिल फायरमैन विकास कुमार, राजकुमार व अन्य कर्मियों ने अस्पताल में फायर फाइटिंग संबंधी मॉक ड्रिल कराई। मॉक ड्रिल में संस्थान के नर्सिंग पैरामेडिकल टेक्निकल स्टाफ के करीब 200 सदस्यों को आग से बचाव के उपाय के बारे में जानकारी दी गई। फायर कर्मियों ने अस्पताल के स्टाफ को आग लगने पर उत्पन्न होने वाली आपात स्थिति में लोगों की जान बचाने तथा आग पर काबू पाने के बारे में विस्तार से समझाया। इस दौरान फायर कर्मियों ने आग लगने की स्थिति में कैसे काबू पाया जाए इसके लिए संस्थान में लगे अग्निशमन उपकरणों का प्रयोग करके दिखाया। इसके अलावा अन्य अग्नि शमन प्रणालियों के बारे में भी जानकारी दी। आग लगने के दौरान किस तरह लोगों की जान बचाई जाए इस पर भी फायर कर्मियों ने विस्तृत प्रकाश डाला। मॉक ड्रिल के दौरान संस्थान के निदेशक डॉ ब्रिगेडियर राकेश गुप्ता, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर सौरभ श्रीवास्तव, डॉक्टर आईजैन भट्टाचार्य, डॉक्टर भुवन अधलखा, सुभाष शर्मा आदि मौजूद थे।



# पुलिस की नाक में किया दम, गोली लगते ही निकली चीख

**नोएडा (चेतना मंच)।** थाना सूरजपुर पुलिस ने मुठभेड़ के बाद पुलिस की नाक में दम करने वाले दो बदमाशों को गिरफ्तार किया है। इन दोनों बदमाशों पर पोक्सो एक्ट सहित विभिन्न मामलों में दर्जनों मुकदमे दर्ज हैं। मुठभेड़ के दौरान इन बदमाशों के पास से तमंचा और जिंदा कारतूस भी मिले हैं।यह बदमाश चोरी की स्कूटी पर लोगों से लूटपाट करते थे।

थाना सूरजपुर पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक पुलिस थाना क्षेत्र में स्थित निजी कंपनी के सामने 130 मीटर रोड़ पर चैकिंग कर रही थी तभी सामने से एक स्कूटी बिना नम्बर प्लेट पर सवार 3 व्यक्ति आते हुए दिखाई दिये। पुलिस टीम द्वारा तीनों को चैकिंग के लिए रोकने का इशारा किया गया तो स्कूटी सवार संदिग्ध व्यक्ति अपनी स्कूटी मोड़कर ग्राम खोदना के जंगल की तरफ भगाने लगे। पुलिस टीम ने स्कूटी सवार बदमाशों का पीछा गया तो स्कूटी सवार बदमाशों ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायर कर दिया।



पुलिस ने भी जवाबी कार्रवाई करते हुए बदमाशों पर गोली चलाई जिसमें 2 बदमाश गोली लगने से घायल हो गये। घायल बदमाश की पहचान प्रशान्त पुत्र भीमा निवासी ग्राम निजामपुर थाना खुर्जा जनपद बुलन्दशहर वर्तमान पता कस्बा व थाना दादरी गौतमबुद्धनगर उम्र करीब 24 वर्ष व हर्षित चौहान उर्फ मोहित चौहान उर्फ बिल्लू पुत्र प्रताप सिंह चौहान निवासी ग्राम सैजपुर थाना पिसावा अलीगढ़ वर्तमान पता कस्बा व थाना दादरी गौतमबुद्धनगर उम्र 25 वर्ष के रूप में हुई है। घायल बदमाशों के पास से 1-1 तमंचा खोखा कारतूस व जिंदा कारतूस, 315 बोर, 12000 रूपये नकद और एक स्कूटी बिना नम्बर प्लेट के बरामद हुई। मुठभेड़ के दौरान बदमाशों का एक साथी भाग निकला। जिसकी तलाश की जा रही है।

मुठभेड़ में घायल हुए बदमाश प्रशांत के ऊपर गौतमबुद्धनगर और हरियाणा के विभिन्न थानों में 16 मुकदमें दर्ज हैं। वहीं दूसरे बदमाश हर्षित चौहान पर पोस्को एक्ट सहित विभिन्न थानों में 17 मुकदमे दर्ज हैं।

# मानव रचना स्कूल में शहीदों को किया याद

**नोएडा (चेतना मंच)।** 26वें 'कारगिल विजय दिवस' के उपलक्ष्य में मानव रचना इंटरनेशनल स्कूल, नोएडा द्वारा 'अंतर्क्लान टैबल्यु प्रतियोगिता' का आयोजन किया गया; जिसमें विद्यार्थियों ने कारगिल युद्ध में देश पर प्राण न्यौछावर करने वाले अमर जवानों के प्रति अपना प्रेम तथा श्रद्धा-भाव प्रदर्शित किया। कार्यक्रम का आरंभ वीरगति को प्राप्त सैनिकों को श्रद्धांजलि अर्पित करने के साथ हुआ।

कार्यक्रम में वीरता, देशभक्ति और सरसता केविशिष्ट रंगोंसे परिपूर्ण इनप्रस्तुतियों ने दर्शकों को देशभक्ति के भाव से ओतप्रोत कर दिया।

कारगिल युद्ध में वीरगति को प्राप्त मेजर सी.बी. द्विवेदी की पुत्री 'सुश्री नेहा द्विवेदी ने मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित होकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई तथा अपने भावपूर्ण शब्दों से विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया। मानव रचना इंटरनेशनल स्कूल्स की निदेशिका 'सुश्री संयोगिता शर्मा'तथा सी.ई.ओ. सुश्री सुनीता नाम्बियार ने अपने प्रेरणादायक शब्दों के साथ छात्रों का उत्साहर्द्धन किया।




विद्यालय के कार्यकारी निदेशक 'लवकेश मग्गु' तथा प्रधानाचार्या सुश्री निंदिया साकेत ने इस गौरवपूर्ण अवसर पर उपस्थित सभी अतिथियों के लिए धन्यवाद शब्द कहे तथा विद्यार्थियों के प्रयासों की सराहना की।

# छात्रों ने दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश




**नोएडा (चेतना मंच)।** सरला चोपड़ा डीएवी पब्लिक स्कूल नोएडा में वन महोत्सव दिवस के उपलक्ष्य में विद्यालय के छात्रों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में छात्रों ने इस पर्व को मनाने की परंपरा के कारण और ढंग का परिचय आकर्षक ढंग से प्रस्तुत किया। कविता वाचन के द्वारा वृक्षों की विशेषताओं को बताया।

पहली कक्षा के छात्रों द्वारा एक प्रेरणादायक प्रस्तुति 'पर्यावरण बचाओ' विषय पर आयोजित की गई।

प्रस्तुति में गीत, नृत्य, नाटक एवं एक विशेष 'बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट' फैशन शो के माध्यम से जल, वृक्ष और पृथ्वी संरक्षण जैसे मुद्दों को प्रस्तुत किया गया। बच्चों ने संदेश दिया कि छोटी-छोटी आदतें—जैसे प्लास्टिक का प्रयोग न करना, पानी की बचत करना और पेड़ लगाना—हमारे पर्यावरण को बचाने में बड़ी भूमिका निभा सकती हैं।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वन एवं उद्यान विभाग निदेशक आनंद मोहन ने भी कार्यक्रम की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए छात्रों को वृक्ष रोपण एवं संरक्षण की प्रेरणा दी ।

विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती उपासना शर्मा ने भी वृक्षारोपण, पौधारोपण और पर्यावरण संरक्षण की आवश्यकता बताई और सक्रिय सहभागिता के लिए प्रेरित किया।

# गरीब अभिभावकों को पुत्री की शादी के लिए सरकार देगी मदद

**नोएडा (चेतना मंच)।** उत्तर प्रदेश की योगी सरकार अन्य पिछड़ा वर्ग के व्यक्तियों को उनकी बेटी की शादी के लिए अनुदान दे रही है। इसके लिए शादी से 90 दिन पूर्व या 90 दिन बाद आवेदन किया जा सकता है।

जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी गौतमबुद्धनगर लवेश कुमार सिसोदिया ने जनपद के अन्य पिछड़ा वर्ग के व्यक्तियों को बताया कि शादी अनुदान योजना के तहत अन्य पिछड़ा वर्ग (अल्पसंख्यक पिछडे वर्ग को छोडकर) के गरीब अभिभावकों की पुत्री की शादी के लिए शासन द्वारा शादी अनुदान योजना संचालित है, जिसके तहत अभ्यार्थी की पुत्री के विवाह के लिए 20000/- रूपये की सहयोग धनराशि प्रदान करने की व्यवस्था है। उन्होंने बताया कि शादी अनुदान प्राप्त करने के लिए शादी की तिथि से 90 दिन पूर्व तथा 90 दिन बाद तक शासन द्वारा संचालित वेबसाइट http://shadianudan.upsdc.gov.in लिंक पर जाकर अपना ऑनलाइन आवेदन कर सकतें है।



उन्होंने शादी अनुदान योजना के पात्रता के सम्बन्ध में विस्तार से जानकारी देते हुये बताया कि आवेदक अन्य पिछड़ा वर्ग (पिछड़े अल्पसंख्यक वर्ग को छोडकर) का होना चाहिए तथा पुत्री की आयु शादी की तिथि को 18 वर्ष या उससे अधिक व वर की आयु 21 वर्ष या उससे अधिक होनी चाहिये एवं आवेदक की आय गरीबी की सीमा के तहत शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्र में 01 लाख रूपये वार्षिक से अधिक नहीं होनी चाहिए। उन्होंने बताया कि उक्त योजना का लाभ उठाने के लिए वृद्धावस्था, विकलांग एवं विधवा पेंशन के लाभार्थियों को आय प्रमाण पत्र की आवश्यकता नही हैं, ऐसे लाभार्थियों को अपना रजिस्ट्रेशन नम्बर आवेदन करते समय भरना होगा एवं आवेदक का बैंक खाता राष्ट्रीयकृत बैंक में होना चाहिये। जिला सहकारी बैंक का खाता पी0एफ0एम0एस0 पोर्टल पर स्वीकृत नहीं किया जायेगा।

उक्त योजना में इच्छुक व्यक्ति पहचान पत्र, बैंक पास बुक, शादी का कार्ड, पुत्री का आयु प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, आवेदक के पासपोर्ट साइज फोटो के साथ अपना ऑनलाइन आवेदन कर सकतें है।